26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 28 अप्रैल, 2026

अंक- 183 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सिक्किम पूर्वी भारत का स्वर्ग

## पीएम मोदी ने 50वें स्थापना दिवस पर दी 4000 करोड़ की सौगात

**गंगटोक (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम में 4,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सिक्किम को पूर्वी भारत का स्वर्ग बताते हुए प्रकृति प्रेमी पर्यटकों से राज्य के ऑर्किडेरियम का भ्रमण करने का आग्रह किया। गंगटोक में संबोधन के दौरान पीएम ने कहा कि सिक्किम एक भारत श्रेष्ठ भारत का सशक्त प्रतीक है, खासकर ऐसे समय में जब देश को धर्म और राजनीति के आधार पर बांटने के प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिक्किम की स्वच्छ सड़कें और शुद्ध हवा इस बात का प्रमाण हैं कि यहां के लोग प्रकृति संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार का मुख्य फोकस यहां कनेक्टिविटी और आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है।




इससे पहले पीएम मोदी सुबह युवाओं के बीच पहुंचे और उनके साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को जोश से भर दिया। सिक्किम दौरे के दौरान पीएम ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर भी साझा किया और लिखा कि गंगटोक की सुबह में युवाओं के साथ फुटबॉल खेलना उनके लिए एक बेहद ऊर्जा देने वाला अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ खेलते हुए उन्हें नई ऊर्जा और सकारात्मकता का एहसास हुआ। सिक्किम के राज्यत्व के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य में भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुये। यह ऐतिहासिक अवसर सिक्किम के लिए बेहद खास माना जा रहा है।

**बिकाऊ है**

घण्टाघर, चूड़ी मार्केट, सदर बाजार, बिजनौर में एक दुकान अंदर बिकाऊ है। खरीदने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

मो. 9837700295

# यूपी का बांदा दुनिया में सबसे गर्म

## पारा 47.6°



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। बांदा 47.6°C तापमान के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। यहां इससे पहले 30 अप्रैल 2022 और 25 अप्रैल 2026 को सबसे ज्यादा 47.4°C तापमान का रिकॉर्ड था। राजस्थान के जैसलमेर में 46.4°C तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46°C पहुंच गया, जो पिछले 10 साल के दौरान सबसे ज्यादा है। जैसलमेर-खजुराहो के अलावा देश के 4 अन्य शहरों में पारा 46°C या इससे पार रहा। इनमें बाड़मेर 46°C, वर्धा 46.5°C, अमरावती 46.6°C और अकोला 46.3°C शामिल है।

## ईरान पहली बार होर्मुज खोलने को तैयार

ईरान पहली बार होर्मुज खोलने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से समुद्री नाकेबंदी हटाने की भी अपील की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने अमेरिका को बातचीत के लिए रविवार को एक नया प्रस्ताव दिया था।

**इसमें मुख्य रूप से 3 शर्तें थीं-**

**1. अमेरिका-इजराइल के साथ चल रहा युद्ध खत्म हो और आगे हमला न करने की गारंटी मिले**

**2. फिर अमेरिका की समुद्री नाकेबंदी हटे, होर्मुज खुले और जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू हो**

**3. सबसे आखिर में परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम संवर्धन जैसे विवादित मुद्दों पर बात हो, हालांकि ट्रम्प इस प्रस्ताव को मानने को तैयार नहीं हैं।**

**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**



मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

**देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें**

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाइना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.

और भी देशों से

M.B.B.S. ABROAD

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

**M.B.B.S.**

BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

**बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़**

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob. 7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

**सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर**

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर





## राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

# सोनभद्र में बायो-फ्लॉक तकनीक से महिला सशक्तिकरण और

# ग्रामीण समृद्धि का नया अध्याय

**चिंगारी ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र के सुदूर पथरीले और पहाड़ी अंचलों में, जहां जल की निरंतर कमी और भौगोलिक विषमताएं कृषि एवं आजीविका के मार्ग में सदैव बाधक रही हैं, वहां अब विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (UPSRLM) के तत्वावधान में संचालित योजनाओं ने ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को न केवल आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है, बल्कि उन्हें 'उद्यमी' के रूप में एक नई पहचान भी दी है। जनपद के विकास खंड चतरा के ग्राम चपईल में 'शिव गुरु आजीविका स्वयं सहायता समूह' की सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का संगम हो, तो कठिन परिस्थितियों में भी समृद्धि के द्वार खुल सकते हैं। यहां की महिलाओं ने पारंपरिक और जोखिम भरे मछली पालन के स्थान पर आधुनिक 'बायो-फ्लॉक' तकनीक को अपनाकर जीवन का आधार बदला है। इस परिवर्तन की रीढ़ वह सरकारी वित्तीय संरचना है, जो ग्रामीण निर्धनों को सीधे संसाधनों से जोड़ती है। योजना के अंतर्गत एक बायो-फ्लॉक इकाई की स्थापना के लिए कुल 3.5 लाख रुपये की लागत का प्रावधान किया गया, जिसमें से 2 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि आजीविका निधि के रूप में मिशन द्वारा सीधे ग्राम संगठन को उपलब्ध कराई गई। शेष धनराशि को सी.आई.एफ. (कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड) से ऋण के रूप में प्राप्त कर इन महिलाओं ने अपने पैरों पर खड़े होने का साहस जुटाया, जो सरकारी तंत्र की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता को दर्शाता है।

सोनभद्र जैसे क्षेत्र में, जहां जन-जीवन मुख्य रूप से प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर रहता है और गर्मी के दिनों में तालाब व पोखर सूखने से मछली पालन जैसे व्यवसाय में भारी घाटा सहना पड़ता था, वहां बायो-फ्लॉक विधि एक ईश्वरीय वरदान की तरह उभरी है। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता इसका जल-कुशल होना और सीमित स्थान में उच्च उत्पादकता देना है। मात्र 1300 वर्ग फीट की पानी की टंकी में, जहां पानी का आदान-प्रदान बेहद सीमित होता है, वहां 2000 मछलियों का पालन संभव हो पाता है। सरकारी सहयोग से समूह की महिलाओं ने वर्तमान में 4 टैंक स्थापित किए हैं, जिनमें लगभग 6000 मछलियों का वैज्ञानिक तरीके से पालन किया जा रहा है। ये मछलियां मात्र 7 माह की अवधि में विक्रय हेतु तैयार हो जाती हैं। आर्थिक आंकड़ों की दृष्टि से देखें तो 7 माह के एक चक्र में 6 से 7 लाख रुपये तक का उत्पादन प्राप्त हो रहा है, जिससे समूह की महिलाओं को 1 से 2 लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित हो रही है। यह लाभ केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने ग्रामीण समाज की उस कड़वी हकीकत को बदल दिया है, जहां महिलाएं मजदूरी के लिए दूसरे गांवों में जाने को विवश थीं। पूर्व में फसल कटाई के दौरान मात्र 100 रुपये और 3 किलो चावल की दिहाड़ी पर दिन भर खटने वाली महिलाएं अब अपने घर के आंगन में काम करते हुए सम्मानजनक रूप से प्रतिदिन 300 रुपये तक कमा रही हैं। इससे न केवल गांवों से होने वाला पलायन रुका है, बल्कि महिलाएं अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी बेहतर ध्यान दे पा रही हैं।



सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 03 दिवसीय प्रशिक्षण ने इन महिलाओं को तकनीकी रूप से इतना सक्षम बना दिया है कि वे अब टार्पुलिन टैंक, प्रोटेक्टिव लाइनर, एयर पंप और टीडीएस मीटर जैसे उपकरणों का संचालन कुशलतापूर्वक कर रही हैं। स्थानीय स्तर पर इन सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से उत्पादन लागत में कमी आई है और क्षेत्रीय रोजगार को भारी बढ़ावा मिला है।

बायो-फ्लॉक विधि में बैक्टीरिया के लिए आदर्श स्थिति उत्पन्न होने के कारण मछलियां तेजी से विकास करती हैं और मृत्यु दर भी नगण्य रहती है, जिससे जोखिम कम और लाभ सुनिश्चित होता है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का यह मॉडल अब जनपद के अन्य विकास खंडों में भी प्रस्तावित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को गरीबी के दलदल से बाहर निकाला जा सके। सोनभद्र की यह सफलता की कहानी सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय अनुदान और आधुनिक तकनीक का मेल किसी भी क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए प्रेरक है, इससे न केवल स्थानीय स्तर पर मांग की पूर्ति हो रही है, बल्कि भविष्य में निर्यात की संभावनाएं भी प्रबल हो रही हैं।

---

# उम्मीद : आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा देने में अहम भूमिका अदा करेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** गंगा एक्सप्रेस-वे के उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरने की उम्मीद है। गंगा को भारत की आस्था की सबसे पवित्र धारा माना जाता है और इसके किनारे बसे तीर्थस्थल सदियों से श्रद्धालुओं की श्रद्धा के केंद्र रहे हैं। अब गंगा एक्सप्रेस-वे इन धार्मिक स्थलों को एक मजबूत तीर्थ सर्किट में जोड़ने का कार्य करेगा।

मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाला गंगा एक्सप्रेस-वे प्रदेश के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों को सीधे जोड़ेगा। इसके माध्यम से गढ़मुक्तेश्वर, कल्कि धाम, बेल्हा देवी धाम, चंद्रिका देवी शक्ति पीठ और त्रिवेणी संगम जैसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों तक पहुंच पहले की तुलना में अधिक आसान और तेज हो जाएगी। इन स्थलों पर हर वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे पांच प्रमुख स्पिरिचुअल कॉरिडोर को भी मजबूत आधार देगा। इन कॉरिडोरों का उद्देश्य राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों को एक व्यवस्थित धार्मिक पर्यटन नेटवर्क में जोड़ना है, ताकि श्रद्धालु एक ही यात्रा में कई महत्वपूर्ण तीर्थों के दर्शन कर सकें।

प्रयागराज-विंध्याचल-काशी कॉरिडोर इस दिशा में विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। त्रिवेणी संगम से विंध्याचल देवी धाम और आगे काशी



तक की यात्रा अधिक तेज और सुगम होगी। यह कॉरिडोर शक्ति और शिव के प्रमुख तीर्थों को जोड़ते हुए धार्मिक पर्यटन का एक सशक्त मार्ग बनेगा। प्रयागराज-अयोध्या-गोरखपुर कॉरिडोर रामभक्ति से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़ेगा। प्रयागराज से अयोध्या में रामलला के दर्शन और आगे गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर तक पहुंच आसान होगी। इससे रामायण परंपरा से जुड़े तीर्थों का एक मजबूत धार्मिक सर्किट विकसित होगा। प्रयागराज-लखनऊ-नैमिषारण्य कॉरिडोर भी आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। नैमिषारण्य को वह पवित्र स्थान माना जाता है, जहां 88 हजार ऋषियों ने तपस्या की थी और अनेक पुराणों का वाचन हुआ था। बेहतर सड़क संपर्क के कारण यह क्षेत्र भी बड़े आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है।

रामायण से जुड़े स्थलों को जोड़ने वाला प्रयागराज-राजापुर-चित्रकूट कॉरिडोर भी गंगा एक्सप्रेस-वे से नई गति पाएगा। राजापुर, जो गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि है, और चित्रकूट, जहां भगवान राम के वनवास से जुड़े पवित्र स्थल हैं, अब श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुलभ होंगे। इसके अतिरिक्त प्रयागराज-मथुरा-वृंदावन-शुकतीर्थ कॉरिडोर कृष्ण भक्ति से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

मथुरा और वृंदावन पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन केंद्र हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से यहां देशी और विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के आध्यात्मिक पर्यटन को 'डेस्टिनेशन से सर्किट' में बदलने की क्षमता रखता है। अब तक श्रद्धालु अक्सर एक ही तीर्थ पर जाकर लौट आते थे, लेकिन बेहतर सड़क नेटवर्क बनने के बाद वे एक ही यात्रा में कई धार्मिक स्थलों का दर्शन कर सकेंगे।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हज़ार के इनामी को दून पुलिस ने पजांब से किया गिरफ़्तार

## गिरफ्तारी से बचने हेतु लगातार ठिकाने बदल रहा था शातिर अभियुक्त



**देहरादून ( चिंगारी )।** वर्तमान में सम्पूर्ण जनपद में प्रचलित आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में लम्बे समय से फरार/वांछित/इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं, जिसके अनुपालन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार ऐसे अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए उनकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में 19 सितम्बर 2025 को थाना रानीपोखरी में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तगण कृष्ण कुमार उर्फ अंडो पुत्र मंगलगिरि निवासी ईसापुर थाना निगोही शाहजहांपुर, लालू पुत्र रामपाल निवासी उपरोक्त, मोहनलाल उर्फ चपेटा पुत्र छोटेलाल निवासी उपरोक्त बिहारी उर्फ गंगा निवासी लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश, जिनके द्वारा संगठित गिरोह बनाकर, स्थान बदल-बदल कर चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओ को अजांम दिया गया था। अभियोग में पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों कृष्ण कुमार व बिहारी उर्फ गंगा को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त लालू अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बदस्तूर फरार चल रहा था, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा 25000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार सुरागरसी-पतारसी करते हुए अभियुक्त के सभी सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिशें दी गई। अभियुक्त बेहद शातिर किस्म का अपराधी है तथा अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये लगातार अपने ठिकाने बदल-बदलकर रह रहा था। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त लालू को पंजाब, अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# छोटी बहन की हत्या कर शव के पास बैठा रहा भाई

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक भाई ने अपनी छोटी बहन की गला रेतकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, फरेदी गांव निवासी भारत सिंह का परिवार एक सगाई समारोह में शामिल होने गया हुआ था। घर पर उनका बड़ा बेटा विक्की (30 वर्ष) और सबसे छोटी बेटी रीता (17 वर्ष) मौजूद थे। इसी दौरान विक्की ने धारदार हथियार से रीता का गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने हाथ-पैर और मुंह धोकर कपड़े बदले और छत पर जाकर बैठ गया। कुछ देर बाद उसने पड़ोस में रहने वाली अपनी चाची को बुलाकर बताया कि रीता की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी है। हालांकि चाची ने उसके कपड़ों पर खून के निशान देखे तो शक हुआ। रात करीब 12 बजे जब परिवार के अन्य सदस्य घर लौटे तो दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो रीता का शव खून से लथपथ कमरे में पड़ा था। वहीं विक्की छत पर बैठा मिला। पूछताछ में उसने परिजनों को गुमराह करते हुए कहा कि कोई युवक घर में घुसकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी विक्की की भूमिका संदिग्ध पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## चुनाव के लिये वे कुछ भी करेंगे!

वाह नेता जी वाह! पांच साल मौज करेंगे, जेब भरेंगे, ऐश करेंगे और चुनाव के दौरान कुछ भी करेंगे। वो भी करेंगे जो कभी नहीं किया, साथ ही वो भी करेंगे, जो करना चाहिए, लेकिन करते नहीं। चुनाव जीतने के बाद पांच साल तक पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे कि जनता किस हाल में है, उस पर क्या गुजर रही है। लेकिन जैसे ही चुनाव नजदीक आयेंगे, नेताजी की आत्मा जाग उठेगी, उनमें गजब की सक्रियता और संवेदनशीलता आ जायेगी। चुनाव जीतने के लिये हर ओठम किया जायेगा। मंदिर जायेंगे, मस्जिद में सजदा करेंगे, गुरुद्वारे में शीश नवायेंगे। कलमा पढ़ेंगे, हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। और तो और, गरीब की झोपड़ी में भी जायेंगे, जहां चुनाव के बाद झांकना भी पसंद नहीं करते। बाल्मीकि बस्ती में जाकर लोगों को प्रणाम करेंगे, दलितों के चरण वंदन करेंगे। मैले-कुचैले लोगों को गले से लगायेंगे, उनकी हालत पर घड़ियाली आंसू बहायेंगे। विकास की अलख भी जगायेंगे। पता नहीं कैसे चुनाव के समय नेताओं का हृदय बड़ा निर्मल, बड़ा कोमल हो जाता है। जनता पर उन्हें कुछ ज्यादा ही प्यार आने लगता है। ये ही ऐसा मौसम होता है, जब आम जनता के जीवन में बहार आती है। पांच साल तक आम जनता हाशिये पर पड़ी रहती है, मगर चुनाव में नेताओं के लिये माई-बाप हो जाती है। कोई वर्ग ऐसा नहीं होता, जिसकी चुनाव के समय पूछ न होती हो। चुनाव के समय ही नेता धर्म के झण्डाबरदार होते हैं। धर्म की पताका उठाये गांव-गांव, गली-गली घूमते हैं। कोई हिंदुओं का ठेकेदार बन जाता है, तो कोई मुस्लिमों का मसीहा बनने की कोशिश करता है। अडानी-अंबानी के चरणों में देश को समर्पित करने वाले चुनाव में मछुआरों के हितैषी बन जाते हैं और मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कलमा-कुरआन पढ़ने वाले हनुमान चालीसा और गायत्री मंत्र का जाप करने लग जाते हैं। कैसी अजीब राजनीति है हमारे देश की, जो नेताओं को अभिनेता और अभिनेताओं को नेता बना देती है।

# धधकती धरती, मौन मनुष्य

## तपते कालचक्र का कठोर प्रश्न

**ज्येष्ठ मास की दुपहरी, तपता नभ अंगार,**
**धरा धधकती अग्नि सी, झुलसे वन-उपवन सार।**

देश के अनेक हिस्सों में तापमान के नये कीर्तिमान बन रहे हैं। लू की लपटें अब केवल हवा नहीं रहीं-वे चेतावनी बन चुकी हैं। सूखते जलस्रोत, फटती धरती, झुलसते खेत और आसमान से गिरते पक्षीकृये दृश्य किसी समाचार की पंक्तियां नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक भूलों का प्रत्यक्ष परिणाम हैं। प्रश्न यह नहीं कि गर्मी बढ़ रही है, प्रश्न यह है कि क्या हम अब भी अनदेखा करते रहेंगे? ग्रीष्म ऋतु, जो कभी जीवन-चक्र की सहायक थी, आज हमारे अस्तित्व को चुनौती दे रही है।

भारत में ग्रीष्म ऋतु सामान्यत: अप्रैल से जून तक मानी जाती है। विज्ञान हमें बताता है कि पृथ्वी का 23.5 डिग्री अक्षीय झुकाव और सूर्य के चारों ओर उसकी परिक्रमण गति ही इस ऋतु का आधार हैं। जब सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध पर सीधी पड़ती हैं, तो तापमान बढ़ना स्वाभाविक है। यह प्रकृति का नियम है-संतुलित, व्यवस्थित और जीवनदायी।

परंतु जो आज हो रहा है, वह केवल 'स्वाभाविक' नहीं है। यह असंतुलन है-और यह असंतुलन हमने स्वयं पैदा किया है।

**तीखे सूरज की किरणें, नभ से बरसें आग,**
**छाया भी अब छूटती, प्यासा हर अनुराग।**

ग्रीष्म ऋतु का अपना महत्व है। यही वह समय है जब जल वाष्प बनकर आकाश में उठता है, बादल बनते हैं और वर्षा की नींव रखी जाती है। यही ऋतु खेतों को अगली फसल के लिए तैयार करती है, फलों को पकाती है और वातावरण को शुद्ध करती है। प्रकृति के इस चक्र में हर ऋतु का स्थान है-और ग्रीष्म उसमें ऊर्जा का केंद्र है।

लेकिन जब यही ऊर्जा अनियंत्रित हो जाए तो वह जीवनदायिनी नहीं, विनाशकारी बन जाती है।

आज बढ़ती गर्मी के पीछे केवल सूर्य नहीं, बल्कि हमारी नीतियां, हमारी आदतें और हमारी लापरवाही खड़ी है। वनों की कटाई ने धरती की शीतलता छीन ली है। कंक्रीट के जंगलों ने मिट्टी की सांसें रोक दी हैं। ग्रीनहाउस गैसों ने वातावरण को एक बंद कमरे में बदल दिया है, जहां गर्मी बाहर निकल ही नहीं पाती। जलस्रोतों का क्षरण उस आखिरी उम्मीद को भी खत्म कर रहा है, जो प्रकृति को संतुलित रखती थी।

**जल बिन व्याकुल पंछी, छाया खोजे राह,**
**मानव फिर भी मौन है, प्रकृति करे कराह।**

यह संकट केवल पर्यावरण का नहीं, हमारी संवेदनाओं का भी है। एक प्यासा पक्षी जब सूखी धरती पर गिरता है, तो वह केवल एक जीव की मृत्यु नहीं होती-वह हमारी मानवता की भी परीक्षा



होती है। एक सूखता पेड़ केवल हरियाली का नुकसान नहीं, बल्कि भविष्य की छाया का अंत है।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति को पूजनीय माना है। ग्रीष्म ऋतु अग्नि तत्व का प्रतीक है, ऊर्जा, शुद्धि और जीवन का आधार। परंतु जब यह अग्नि असंतुलित हो जाती है, तो वह चेतावनी बन जाती है। यह बाहरी तापमान ही नहीं, हमारे भीतर की अतृप्त इच्छाओं और असंतुलित जीवनशैली का भी प्रतिबिंब है।



मानवीय चेतना आज एक चौराहे पर खड़ी है। एक ओर अंधाधुंध विकास है, दूसरी ओर अस्तित्व का प्रश्न। हमने सुविधा के लिए प्रकृति को त्याग दिया, लेकिन अब वही प्रकृति हमें त्यागने की स्थिति में है। यदि हमारी चेतना अब भी नहीं जागी, तो यह संकट और गहरा होगा।

### समाधान केवल योजनाओं में नहीं, व्यवहार में है

-जब तक हर व्यक्ति यह नहीं समझेगा कि एक पेड़ लगाना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन बचाना है, तब तक बदलाव अधूरा रहेगा।

-जब तक पानी बचाना आदत नहीं बनेगा, तब तक भविष्य सूखा रहेगा।

-जब तक हम प्रकृति को 'संसाधन' नहीं, बल्कि 'संबंध' नहीं मानेंगे-तब तक संतुलन संभव नहीं।

-जीव-जगत की रक्षा, हमारी तात्कालिक जिम्मेदारी।

-भीषण गर्मी में पक्षियों, पशुओं और पेड़-पौधों को बचाना मानवीय कर्तव्य है। घरों की छतों और आंगनों में पानी के पात्र रखें, दाना डालें, छायादार स्थान बनाएं। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करें, पेड़ों को नियमित जल दें और नये पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। छोटे प्रयास अनेक जीवन बचा सकते हैं।

**जब जागे मानव चेतना, फिर संतुलन आए,**
**शीतल छाया धरती पर, जीवन मुस्काए।**

आज आवश्यकता केवल पर्यावरण बचाने की नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व को बचाने की है। यह समय है जब हमें रुककर सोचना होगा, क्या हमारा विकास वास्तव में प्रगति है, या धीरे-धीरे विनाश की ओर बढ़ता कदम।

अंतत: ग्रीष्म ऋतु का यह असंतुलन हमें एक स्पष्ट संदेश देता है, प्रकृति के साथ चलो, या उसके परिणाम भुगतो। यह चेतावनी भी है और अवसर भी।

**प्रकृति संग जो चल पड़े, वही सच्चा ज्ञानी,**
**अन्यथा तपती राह में, खो जाएगी कहानी।**

**प्रकाश पंकज**
विज्ञान शिक्षक, हल्दौर

# हमें प्रसन्नता, सुख-शांति और सफलता की सीख परिवार के लोगों से भी मिल सकती है

**प्रेरक-प्रसंग**

कर्दम ऋषि और मां देवहूति के बेटे थे कपिल देव, इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। कर्दम ऋषि तपस्या करने जंगल में जा रहे थे तो अपनी पत्नी देवहूति को बेटे कपिल देव के पास छोड़ गए। एक दिन देवहूति ने कपिल देव से कहा, तुम ज्ञान का अवतार हो तो मैं तुम्हारे प्रवचन सुनना चाहती हूं। कपिल देव ने अपनी माता को जीवन कैसे जिया जाए, इस पर बहुत सुंदर प्रवचन दिया। प्रवचन के अंतिम चरण में देवहूति को ये बात समझ आ गई कि मृत्यु अटल है, सभी को मरना है तो जीवन के समापन अवसर पर कुछ ऐसी तैयारियां कर ली जाएं, जिससे अंतिम समय पर आसानी से देह का अंत हो जाए और आत्मा इस देह को छोड़कर आगे बढ़ जाए। कपिल देव के प्रवचन पूरे होने के बाद देवहूति एकाग्रता के साथ ध्यान करने लगीं। जब उनकी मृत्यु का समय आया तो उनके मन में अपने बेटे कपिल देव के लिए मोह जाग गया। उन्हें लगा कि पति तो जंगल में तप कर रहे हैं और मेरी मृत्यु के बाद बेटा अकेला रह जाएगा। गृहस्थ जीवन में अपने परिवार से प्रेम होना स्वभाविक है, लेकिन देवहूति समझ चुकी थीं कि मृत्यु तो होना ही है तो जाते समय भी प्रसन्नता के साथ जाना चाहिए। देवहूति ने लगातार ध्यान करते हुए आत्मा और शरीर के अंतर को समझ लिया।

# भाजपा की महिलाओं ने पदयात्रा कर राहुल गांधी का पुतला फूंका






## कांग्रेस को महिला विरोधी बताया

बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के जनाक्रोश महिला पदयात्रा कार्यक्रम के तहत आज भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में विपक्ष द्वारा महिला आरक्षण बिल के कथित विरोध के विरोध में जोरदार नारेबाजी करते हुए पदयात्रा की। बड़ी संख्या में महिलायें नगर पालिका चौक पर इकट्ठा हुईं और वहां से पदयात्रा शुरू की। डाकखाने के चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंका।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने महिला आरक्षण का विरोध कर महिला विरोधी होने का सबूत दिया। विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता के कारण महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिल पाया। देश की महिलायें कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगी।

भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम के संयोजक नगर महामंत्री राजवीर सिंह एड. सभासद रहे। पदयात्रा में महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री भाजपा हरजिंदर कौर, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री डॉ. रचना पाल, जिला उपाध्यक्ष माया पाल, भावना शर्मा, नगर मंत्री पूनम शर्मा, प्रीतिका राठी, सरिता सैनी, अलका विश्नोई, शशिबाला चौहान, शिवानी शर्मा, नामित सभासद मनोरमा शर्मा, संतोष कुमारी, सभासद डोली सैनी, सभासद शालू जंघाला, सभासद बरखा सैनी, सभासद तरूणा, मंजू मलिक, रेखा जोशी, कमल जोशी, अनिता, शोभा, सरोज, अभ्रा पाठक, नामित सभासद आशीष अग्रवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी आदि मौजूद रहे।

## त्यागी मेडिकल स्टोर का किया गया शुभारम्भ



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम मंडावली में त्यागी मेडिकल स्टोर का विधिवत शुभारंभ डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश, शिव-पार्वती, माता लक्ष्मी का गुणगान कर स्तुति की गई। त्यागी मेडिकल स्टोर के स्वामी सुनील त्यागी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर डॉ. चरण सिंह, डॉ. राजेंद्र चौहान, अंकित गहलौत, पंकज त्यागी, एडवोकेट राघव प्रताप सिंह, आदित्य त्यागी, मास्टर नरेश त्यागी, कर्मवीर सिंह, मोहम्मद इमरान, कर्णवीर चौधरी, शिव कुमार, हुकुम सिंह, अब्दुल रहमान अल्वी, चौधरी वीर सिंह, सुशील कुमार, अनुज चौधरी, रविन्द्र देशवाल, मास्टर नीरज सिंह, शुभम कर्णवाल, वाजिद मकरानी, अजीत सैनी, नवेद आलम, जय सिंह, गुलशन कुमार, राजीव चौहान, सुभाष त्यागी, ओमदत्त त्यागी, मोहसिन, माजिद हुसैन, शाहबुद्दीन, अल्तमस अंसारी, मास्टर सफीक, रोहित शर्मा, नागेन्द्र चौहान, सुशील वालिया, विनीत त्यागी, सुनील कुमार, दीपक कुमार, नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अजयपाल बने प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी ने प्राथमिक विद्यालय टांडा रतन के प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता अजयपाल सिंह को संघ का नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उनसे पंद्रह दिनों के अंदर कार्यसमिति गठित करने के निर्देश दिये हैं। उनकी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर की गई नियुक्ति संघ के प्रति उनकी समर्पण भावना को देखते हुए संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन की संस्तुति तथा प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के निर्देश पर की गई है। उनके मनोनयन पर शिक्षक नेता महेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, आमिर अली, मनोज कुमार, विपिन कुमार, राजवीर, अमित त्यागी, अनिल वर्मा, शहला अंजुम, तनवीर अहमद, रिजवान आदि ने उन्हें बधाई दी है।

## पुलिस ने चोरी के सामान के साथ पकड़े गये आरोपी का किया चालान

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम गूढ़ा निवासी दलीप पुत्र जगराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसके ट्यूबवैल से 50 फिट केबल, स्टार्टर व ऑपरेटर मशीन चोरी हो गई थी। इसी दौरान ग्रामीणों की मदद से आरोपी को चोरी किये गये सामान के साथ पकड़ लिया गया थ। दलीप कुमार ने पकड़े गए आरोपी को चोरी किए गए सामान सहित पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने आरोपी सोवेंद्र पुत्र भोपाल निवासी राहतपुर खुर्द के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी का चालान कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# धामपुर में गौसेवकों ने निकाली रैली

## राष्ट्रपति, पीएम, सीएम के नाम ज्ञापन दिया

**धामपुर ( चिंगारी )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के अंतर्गत चलाए जा रहे गौ रक्षा अभियान कार्यक्रम पर आधारित गौ रक्षकों में चेतना जागृत करने के उद्देश्य से धामपुर मे रैली निकाली गई तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय एवं तहसीलदार धनराज कुमार को देश की राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपे गए।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. चौधरी कुलमणि सिंह मार्ग के निकट राजपूत विहार कॉलोनी स्थित गौरी गौशाला आश्रम पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए गौ रक्षको, गौ पालकों की उपस्थिति के बीच आश्रम के संस्थापक एवं महामंडलेश्वर श्री 108 आचार्य डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज, डॉ. आदित्य अग्रवाल, समाजसेवी राजीव


गौवंश संरक्षण रैली में शामिल पदाधिकारी।

कुमार त्यागी ने संयुक्त रूप से रैली का शुभारंभ नारियल भंजन कर तथा आश्रम में गौ माताओं के पूजन से किया गया। इसके बाद ढोल की थाप पर सामूहिक भजन कीर्तन करते हुए नगर की अनेक संस्थाओं से जुड़े हुए गौ भक्तों ने रैली निकाली जिसका मार्ग में अनेक स्थानों पर सनातन परिवारों के सदस्यों ने पुष्प वर्षा से जयकारों के बीच स्वागत किया। रैली निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद उप जिलाधिकारी न्यायालय पर पहुंची जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय तथा तहसीलदार धनराज कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. दिनेश चंद्र भारद्वाज, डॉ. आदित्य अग्रवाल, राजीव त्यागी, स्वामी सोमगिरि महाराज, गौतम गिरि, अनुज चौधरी, लक्ष्य छाबड़ा, डॉ. सुरेंद्र कुमार, परविंदर सिंह, निखिल अरोरा, सुनील कुमार, निकुंज शर्मा, पंडित शौर्य अत्री, उर्मिला शर्मा, कविता भारद्वाज, मनु चौहान, मुन्नी देवी सैनी, प्रीति शर्मा ,सोनम शर्मा आदि अनेक शामिल रहे।

# शुगर मिल उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने गन्ने की फसल का निरीक्षण किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, विभागाध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल एवं वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान ने हबीबवाला जोन का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बसंतकालीन गन्ना बुवाई, उन्नतशील प्रजाति के प्लाटों का निरीक्षण किया। गन्ना प्रजाति के प्लाटों में टॉप बोरर दिखाई दिया। उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने किसानों को सूट कटिंग एवं सीटीपीआर जैसे कोराजन/नेटजन/ बोलियम आदि की ड्रैंचिंग कर प्लाटों को सिंचाई करने की सलाह दी। ग्राम करनावाला में कृषक सोमपाल सिंह के गन्ना बुवाई करते हुए प्लॉट का भ्रमण किया। गन्ना बुवाई में भूमि व बीज उपचार करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उनके साथ धर्मेंद्र सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।


गन्ने की फसल का निरीक्षण करते हुए यूनिट हेड आशीष शर्मा।

# धामपुर पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार, विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम




**धामपुर ( चिंगारी )।** पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहे। विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12 में प्रथम स्थान प्रतिक चौहान, द्वितीय स्थान पर मोहम्मद जायद तथा तृतीय स्थान पर रिमशा रहे। वहीं कक्षा 10 में सुहाना परवीन एवं मानसी प्रथम स्थान पर रहीं, द्वितीय स्थान पर साक्षी रही व तृतीय स्थान पर सौम्या पांडे रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और निरंतर प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। इस खुशी के मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उनकी सफलता का उत्सव भी मनाया।

# गौमाता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग

## हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को देकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग की गई। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र गहलोत के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि भारतवर्ष की संस्कृति, सभ्यता और परंपरा में गौ माता का स्थान अत्यंत पूजनीय व सम्माननीय रहा है। प्राचीन काल से ही गौ माता को भारतीय समाज में मातृत्व, समृद्धि, पोषण, सेवा और करुणा का प्रतीक माना गया है। इसके अतिरिक्त हमारे वेद, पुराण ,शास्त्र तथा धार्मिक ग्रंथो में गौ माता की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है। गौ माता केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं बल्कि


एसडीएम को ज्ञापन देते हुए संस्था के पदाधिकारी।

भारतीय कृषि व्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का भी आधार रही है। गोवंश से प्राप्त दूध ,दही, गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग मानव जीवन खेती कार्य औषधि निर्माण तथा जैविक कृषि में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। आज भी करोड़ों किसानों की आजीविका गोवंश पर निर्भर है। इसीलिए राष्ट्रहित, संस्कृति संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों को भारतीय मूल्य से जोड़ने के उद्देश्य से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाना समय की मांग है। ज्ञापन देने वालों में संस्था के जिला महामंत्री मनोज कुमार चौहान, डॉक्टर ललित कुमार, टीकम सिंह फौजी, राजू साहिल, अंकित चौहान, वैभव सिसोदिया, चेतन चौहान, राहुल चौहान, अभय त्यागी, मयंक कुमार, अनुराग कुमार शर्मा, शेर सिंह भगत जी, विक्रम सिंह, पुनीत कुमार, सोनू राजा आदि शामिल रहे।

# जेंडर इक्विटी पर साक्षरता शिविर का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** उ.प्र. विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माह अप्रैल के एक्शन प्लान के तहत जेंडर इक्विटी पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन मुनि विद्यानन्द जैन कन्या विद्यालय धामपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पी.एल.वी. जयवीर सिंह ने बताया कि जेंडर समानता का अर्थ है लिंग के आधार पर भेदभाव किए बिना सभी को समान अधिकार, अवसर, जिम्मेदारियां और संसाधन मिलना। यह एक मौलिक अधिकार है। शिक्षा, आर्थिक भागीदारी, स्वास्थ्य और निर्णय लेने की प्रकिया में पुरुषों के समान अन्य लिंगों के साथ समान व्यवहार हो और लिंग रुढ़िवादिता को समाप्त किया जाए। लैंगिक हिंसा, बाल- विवाह पर रोक लगे और शिक्षा तक सभी की पहुंच निश्चित हो सके। लैंगिक समानता कोई मुद्दा नही यह एक सामाजिक प्रयास व उपाय है। इस अवसर पर महिलाओं के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं व हैल्प नम्बरों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रियंका वत्स, सहायक अध्यापिका पिंकी, सोनी वर्मा संतोष शाहीन आदि उपस्थित रहे।

## स्वाभिमान महिला सम्मेलन एवं पदयात्रा 29 को

**धामपुर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति एवं स्वाभिमान महिला सम्मेलन का आयोजन 29 अप्रैल, सोमवार को सुबह 10:30 बजे सुमंगलम फार्म हाउस में होगा। सम्मेलन के बाद नारी शक्ति द्वारा सुमंगलम फार्म हाउस से नगर में पदयात्रा की जाएगी। कार्यक्रम के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सौरभ कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# गुरु नानक गर्ल्स स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत, रिया बनी टॉपर

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित गुरु नानक पब्लिक गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। रिया रानी पुत्री वीरेश चंद्र ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने का गौरव अर्जित किया। इसके अतिरिक्त अनीता रानी पुत्री जयपाल सिंह ने 82.1 तथा अंशिका सिंह पुत्री विनीत कुमार ने 81.5 प्रतिशत, परी पुत्री गौतम सिंह ने 81.66 प्रतिशत एवं लवली पुत्री विजय कुमार ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। दसवीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम की घोषणा के अंतर्गत विद्यालय के 15 छात्रों तथा 13 छात्राओं ने विद्यालय में उल्लेखनीय अंक प्राप्त करने का गौरव अर्जित किया। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी,



डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला,ऑडिटर एसपी सलूजा, सह ऑडिटर सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कुमुद रानी, वरिष्ठ शिक्षक प्रियांश राजपूत, जतिन गहलोत, शुभम चौहान ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली छात्रा रिया रानी तथा तथा उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने वाले अन्य सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

# कॉलोनी में घर लिया है, गांव में नहीं... फिर ग्रामीण बिजली क्यों?

## गंगा विहार कॉलोनी के निवासियों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के बुंदकी रोड स्थित पॉश कॉलोनियों में शुमार होने का सपना देख रही गंगा विहार कॉलोनी के निवासियों का सब्र अब जवाब दे गया है। लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे यहां के निवासियों ने अब सीधे मुख्यमंत्री दरबार में दस्तक दी है। कालोनी निवासियों ने एक शिकायती पत्र भेजकर कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति को ग्रामीण ट्यूबवैल लाइन से हटाकर शहरी फीडर से जोड़ने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में कालोनी निवासियों ने शहरी टैक्स, ग्रामीण सप्लाई पर भारी निराशा व कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर उक्त कॉलोनी में घर इसलिए खरीदा था ताकि उन्हें बेहतर नागरिक सुविधाएं मिल सकें। लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि कॉलोनी की पूरी विद्युत व्यवस्था को पास के गांव की ट्यूबवैल लाइन से जोड़ दिया गया है। उपभोक्ताओं का तर्क है, हमने विकसित कॉलोनी में घर लिया है, किसी खेत या गांव में नहीं। बावजूद इसके उन्हें खेती-किसानी वाली बिजली लाइन पर निर्भर रखा जा रहा है, जहां न तो वोल्टेज का कोई ठिकाना है और न ही आपूर्ति के घंटों का। समस्याओं का अंबार: पढ़ाई से लेकर सुरक्षा तक प्रभावित


बुंदकी रोड पर विकसित की गई कालोनी।

शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनकी कालोनी ट्यूबवैल लाइन से जुड़े होने के कारण दिन-रात अघोषित कटौती के साथ घंटों बिजली गुल रहती है। लो-वोल्टेज के कारण घरों के कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (फ्रीज, एसी, आरओ) फुंक रहे हैं। शाम ढलते ही स्ट्रीट लाइटें न जलने से कॉलोनी में अंधेरा पसर जाता है, जिससे सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है। कालोनी निवासियों का आरोप है कि कॉलोनी काटते समय उनसे शहरी सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन धरातल पर बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कराकर किस नियम के तहत एक आवासीय कॉलोनी को ट्यूबवैल लाइन से जोड़ा गया इसका जवाब तलब किया जाए। कॉलोनी के जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद भी बिजली विभाग ने कॉलोनी को शहरी लाइन से नहीं जोड़ा, तो वे सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने गंगा विहार कॉलोनी को तत्काल ग्रामीण ट्यूबवेल लाइन से काटकर नजीबाबाद शहरी फीडर से जोड़े जाने की मांग की।

# नहटौर में महिला शक्ति का प्रदर्शन

## शोभा रानी के नेतृत्व में निकली जन-आक्रोश रैली

**नहटौर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति के स्वाभिमान को समर्पित जन-आक्रोश महिला सम्मेलन एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा रानी रहीं, जिनके नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।




कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं द्वारा एक विशाल जनआक्रोश रैली निकाली गई, जो ब्लॉक परिसर से प्रारंभ होकर हल्दौर चौराहे तक पहुंची। यहां महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

अपने संबोधन में श्रीमती शोभा रानी ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को उनका अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि नारी वंदन अधिनियम का विरोध कर उसे संसद में पारित न होने देना देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं का आह्वान किया कि वे महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को और मजबूत करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

इस अवसर पर नहटौर विधायक ओम कुमार, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष वैभव गोयल, श्रीमती सुधा, श्रीमती प्रीति, श्रीमती अंगज, श्रीमती मीनू, श्रीमती शशि बाला, शहाना परवीन, तिलक राज सैनी, महावीर सैनी, डॉ. उर्मिला पाल, चमन दहिया सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।


सिमरन अंसारी को मिठाई खिलाते उसके माता-पिता।

## इंजीनियर बनकर अपना करियर बनाना चाहती है सिमरन अंसारी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के घोषित परिणाम के बाद छात्र-छात्राएं अपने करियर के बारे में सोचने लगे है। सेंट मैरिस इंटर कॉलेज की छात्रा सिमरन अंसारी ने इंटरमीडिएट की विज्ञान वर्ग की परीक्षा में 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज को टॉप किया है। कॉलेज टॉप करने पर परिवार में खुशी का माहौल है। सिमरन अंसारी पुत्री जहीर आलम शुरू से ही पढ़ाई में आगे है। सिमरन अंसारी के बड़े भाई व बड़ी बहनें भी पढ़ाई में हमेशा आगे रहे है। उन्होंने भी कॉलेज टॉप करने के साथ जनपद में भी स्थान प्राप्त किया है। सिमरन अंसारी ने बताया कि उन्हीं की प्रेरणा से वह भी मन लगाकर पढ़ती है। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एक इंजीनियर बनना चाहती है। वह इंजीनियर बनकर देश की सेवा भी करना चाहती है। उसने इसका श्रेय अपने परिजनों व गुरुजनों को दिया। इस उपलब्धि पर वाजिद मकरानी, जैनुल मकरानी, शहाबुद्दीन, अफरोज आलम, अल्तमस अंसारी, गरीब नवाज, मोहम्मद आसिफ अंसारी, आमिर अंसारी आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## वाणी चौहान ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज कोटद्वार रोड के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में इण्टरमीडिएट में वाणी चौहान ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट मे दसवां स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा आर्यन ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में बहिन नीशू ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्यांशु ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा वंश ने 85.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग ने मेधावी भैया-बहिनों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। आचार्य बन्धु-बहिनों ने भी भैया-बहिनों को बधाई दी।

## किसानों की समस्याएं हल कराने के लिए आगे आएं: मूसा



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने अपनी टीम के संगठन के साथ प्रदेश सचिव व बड़े किसान व व्यापारी नेता अजगर अली से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर संगठन की एकता व मजबूती के लिए चर्चा की। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि असगर अली उत्तर प्रदेश में भाकियू कृषि क्रांति के प्रदेश सचिव पद की बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उनको गले में पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। संगठन के सभी पदाधिकारियों से किसानों की समस्याएं जानकर उनका हल कराने के लिए आगे आने की अपील की गई। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनव्वर अली, मंडल महासचिव गुलजार सैफी, मुख्य महासचिव निहाल चौधरी, संजय कश्यप जिला उपाध्यक्ष, सरताज जौहरी नगर अध्यक्ष जलालाबाद, दानिश शेख, ओवेस ग्राम अध्यक्ष, शाबाज़ अंसारी, अर्जुन सिंह, सुनील आदि मौजूद रहे।

# बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा भाई

## बैंक कर्मचारियों ने कहा था- जिसका खाता उसे लेकर आओ

**क्योंझर ( एजेंसी/चिंगारी )।** ओडिशा के क्योंझर में सोमवार को हैरान करने वाला मामला सामने आया। आदिवासी जीतू मुंडा अपनी मरी हुई बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। कंकाल देख बैंक में अफरा-तफरी मच गई।

दरअसल, जीतू अपनी बहन कलारा मुंडा के खाते से 20 हजार रुपए निकालना चाहता था, इसके लिए वह कई बार बैंक भी गया। लेकिन कर्मचारियों ने खाता धारक को लाने को कहा। जीतू बैंक में पहले ही कलारा की मौत की जानकारी दे चुका था। फिर भी उसे कोई मदद नहीं मिली, इससे परेशान होकर उसने कब्र से कंकाल निकालकर बैंक में पेश



किया। बहन का कंकाल कंधे पर लेकर जीतू करीब 3 किमी. पैदल चला, फिर मल्लिपसी में बने ओडिशा ग्रामीण बैंक ब्रांच के बरामदे में कंकाल को रख दिया। इसे देख वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। पुलिस के अनुसार, जीतू अनपढ़ है और कानूनी प्रक्रिया से अनजान था। प्रशासन ने उसे नियम समझाए और जल्द पैसे दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया। पुलिस के अनुसार, जीतू पढ़ा-लिखा नहीं है। आदिवासी है और कानूनी प्रक्रिया से पूरी तरह अनजान है। स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक (आईआईसी) किरण प्रसाद साहू ने कहा, जीतू को नहीं पता कि कानूनी वारिस या नॉमिनी क्या होता है। बैंक अधिकारी भी उसे मृतक के खाते से पैसे निकालने की प्रक्रिया नहीं समझा पाए। पुलिस ने जीतू मुंडा को आश्वासन दिया कि वे उसकी मृत बहन के बैंक खाते से पैसे निकलवाने में मदद करेंगे। बाद में पुलिस की मौजूदगी में शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया। डियानाली गांव का रहने वाला जीतू मुंडा जिस महिला का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा, वह उसकी बड़ी बहन कालरा मुंडा थी। कालरा की मौत 26 जनवरी 2026 को हो गई थी। कालरा मुंडा के बैंक खाते में नॉमिनेट पति और बेटे की भी मौत हो चुकी है। इसलिए, उनके नाम पर जमा पैसे का जीतू मुंडा ही एकमात्र दावेदार है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके लिए यह राशि बेहद अहम थी और जीवनयापन का सहारा मानी जा रही थी।

## भाजपा नेता की दुकान में चोरी का खुलासा, एक चोर गिरफ़्तार, दूसरा अभी फ़रार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चौक बाजार में दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा नजीबाबाद पुलिस ने किया। जिसमें स्वाट/सर्विलांस व थाना नजीबाबाद की संयुक्त पुलिस टीम ने हरिओम वैरायटी स्टोर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। शुभम अग्रवाल पुत्र हरिओम अग्रवाल निवासी मौहल्ला बालकराम ने तहरीर दी थी कि चौक बाजार स्थित उनकी दुकान से चोरों ने करीब 4-5 लाख रुपये नगद, नोटों की मालाएं, कुछ आभूषण व चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने इस पर थाना नजीबाबाद में अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जांच में प्रकाश में आए युवक मौ. रफी उर्फ बब्बू पुत्र बन्ने निवासी मौहल्ला कायस्थान, चामुण्डा रोड, थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के कब्जे से 4,05,000/- रुपये एवं नोटों की 48 माला जिनमें कुल 1,09,380/- रुपये के नोट लगे हैं, इस प्रकार कुल 5,14,380/- रुपये बरामद हुए। साथ ही 15 सफेद धातु के सिक्के भी बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में युवक रफी ने बताया कि उसने अपने साथी इमामुद्दीन पुत्र शाहाबुद्दीन निवासी ग्राम गुम्मद, थाना नखासा, जनपद सम्भल के साथ मिलकर कुछ दिन पूर्व दुकान की रैकी की थी। रैकी करने के बाद दोनों नजीबाबाद आए और रात्रि के समय दुकान में घुसकर चोरी कर डिली। चोरी का सामान दोनों अपने-अपने घर ले गए। कुछ नगदी व सिक्के युवक ने साथी इमामुद्दीन को दे दिए। शेष नगदी व सिक्के रफी के कब्जे से बरामद हुए हैं। पुलिस फरार युवक इमामुद्दीन की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।



## अधिकतम छात्र उपस्थिति के लिए कक्षा अध्यापक एवं मॉनिटर्स सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कक्षा में छात्रों की अधिकतम उपस्थिति करने पर कक्षा अध्यापक साकिब शमी एवं कक्षा के दोनों क्लास मॉनिटर को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि यदि सभी छात्र कक्षा में नियमित उपस्थित होकर अपने कॉलाश को पढ़ेंगे तो निश्चित ही अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। प्रधानाचार्य ने कहा कि कक्षा की साफ सफाई तथा कक्षा के भीतर अनुशासन में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए कक्षा के मॉनिटर्स को नियमित रूप से इसी प्रकार सम्मानित किया जाता रहेगा। इससे एक ओर बच्चों में अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के गुण का विकास होगा, दूसरी ओर अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। वाणिज्य विषय के अध्यापक जयप्रकाश पाल ने समय के महत्व को बताते हुए कहा कि समय दुनिया की सबसे मूल्यवान और अनमोल संपत्ति है, क्योंकि बीता हुआ पल कभी वापस नहीं आता। सफलता और असफलता पूरी तरह से समय के सही उपयोग पर निर्भर करती है। समय का सही प्रबंधन करना लक्ष्य को हासिल करने का उचित माध्यम है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार, एसपी गंगवार, नरेंद्र कुमार, तेजपाल सिंह, भूपेंद्रपाल सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, मोहम्मद अनस, करनवीर आदि मौजूद रहे।

### सूचना

पहले मेरा नाम SHEHBAZ था। अब मैंने अपना नाम बदलकर SHAHBAZ PARVEEN रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये।

SHAHBAZ PARVEEN
W/O FAZLUR REHMAN
मौहल्ला जाब्तागंज वार्ड नं.-14,
नजीबाबाद, बिजनौर उ.प्र.

### पुण्य-स्मरण



**स्व. ब्रजेश्वर स्वरूप शर्मा**

हम आपके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने और आपके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प दोहराते हैं।

**पुण्यतिथि पर शत-शत नमन**

प्रदीप कुमार शर्मा, संदीप कुमार शर्मा
कुलदीप कुमार शर्मा (पुत्रगण)
राहुल शर्मा (पौत्र)
एवं समस्त शर्मा परिवार, बिजनौर

# महिलाओं ने विपक्ष के ख़िलाफ़ निकाली जनाक्रोश पदयात्रा




भाजपा की जनाक्रोश रैली में शामिल महिलाएं।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा में पारित न होने के कारण विपक्ष के खिलाफ महिलाओं द्वारा महिला जनाक्रोश पदयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियां तथा समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने भागीदारी की। यात्रा का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी की पूर्व क्षेत्र मंत्री व पूर्व चेयरपर्सन धामपुर श्रीमती लीना सिंघल ने किया। साथ में जिले की मंत्री श्रीमती मोनिका यादव, महिला मोर्चे की उपाध्यक्ष सुरभि चौधरी, जिले की कार्यकारिणी सदस्य मनीषा सैनी, नगर पालिका सभासद इंदु राजपूत आदि रहीं। कार्यक्रम में जिले के महामंत्री बलराज त्यागी, ब्लॉक प्रमुख तपराज चौधरी, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रे, कार्यक्रम संयोजक शिवम चौहान मौजूद रहे।



एसडीएम कार्यालय में गैस की समस्या को लेकर वार्ता करते विधायक।

## विधायक ने गैस आपूर्ति में सुधार कराने के लिये एसडीएम से की भेंट

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने इण्डेन गैस एजेंसी के गैस वितरण की समस्या लगातार बढ़ने तथा कोई सुधार न होने को देखते हुए मंगलवार को ख़राब होती गैस सिलेंडर आपूर्ति के संबंध में उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह से उनके कार्यालय पर मुलाक़ात की। जिसमे इण्डेन गैस एजेंसी स्वामी रोहितराज सिंह, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र वर्मा, इण्डेन ऑयल कॉरपोरेशन के फील्ड ऑफिसर मौजूद रहे। विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा कहा गया कि भीषण गर्मी में महिलाएं गैस के लिए परेशान हैं, ऐसे में सिलेंडर समय से क्यों नहीं दिए जा रहे। उन्होंने एसडीएम एवं एजेंसी स्वामी रोहितराज सिंह से सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाने तथा जो उपभोक्ता केवाईसी नहीं करा पा रहे हैं उनके लिए तहसील परिसर में अलग से व्यवस्था कराने को कहा। साथ ही एजेंसी स्टाफ से उपभोक्ताओं के साथ सही व्यवहार करने व गोदाम पर भीषण गर्मी में भीड़ ना लगे इसके लिए घर-घर गैस सिलेंडर की डिलीवरी बढ़ाने एवं प्रतिदिन 800 सिलेंडरों को वितरण कराने को एजेंसी संचालक रोहितराज सिंह से कहा गया है। एजेंसी स्वामी ने जल्दी ही व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया।

# कृष जैन को मिस्टर फेयरवेल व अजका खान को मिस फेयरवेल चुना गया



## नॉर्थ इंडिया में हुआ फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज नजीबाबाद के नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन व नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस भव्य समारोह में डिग्री कॉलेज से बीए, बीएससी व होम साइंस) बीकॉम तथा बीकॉम. (ऑनर्स), एम कॉम, बीएड, बीटीसी व एमएससी (होम साइंस) के जूनियर विद्यार्थियों के साथ लॉ कॉलेज से एलएलबी तथा बीएएलएलबी. के जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को विदाई पार्टी देकर समरसता भरी परिपाटी को जारी रखा। इस अवसर पर संस्थान में पधारे मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबंध निदेशक इंजी. अवनीश अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक इंजी. अभिनव अग्रवाल, डिग्री कॉलेज प्राचार्या डॉ. नीलावती, लॉ कॉलेज से समसपाल सिंह गौतम, टेक्निकल कॉलेज प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान, पॉलीटेक्निक कॉलेज प्रधानाचार्य मानिक गुप्ता व रजिस्ट्रार गौरव वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। समसपाल सिंह के स्वागत संबोधन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया। डॉ. जसवन्त सिंह के मार्गदर्शन में इल्मा, महफूज़, इकरा व सलोनी के शानदार संचालन में सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षक व मनमोहक रहे। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने डांसिंग, सिंगिंग, एक्टिंग, मिमिक्री व मॉडलिंग के क्षेत्र में अपने-अपने टेलेंट का आकर्षक व प्रभावी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दोनों कॉलेज के सभी कोर्सेज के टॉपर्स को प्रमाण-पत्र व सभी सीनियर विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए। इस भव्य समारोह में तीन कड़े राउंड में मिस्टर व मिस फेयरवेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें निर्णायक सदस्यों के गहन निर्णय के आधार पर डिग्री कॉलेज से कृष जैन को मिस्टर फेयरवेल तथा अजका खान को मिस फेयरवेल व लॉ कॉलेज से हर्षवर्धन को मिस्टर फेयरवेल तथा प्राची शर्मा को मिस फेयरवेल चुना गया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 कालागढ़
निविदा सूचना संख्या-07/ई.ई./के.भ.ख.-3/2026-27

पत्रांक : 900/के.भ.ख.-3/निविदा दिनांक : 22/04/2026

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 08-05-2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 08-05-2026 को प्रमुख अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र., लखनऊ द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 2:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 30-04-2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 07-05-2026 अपराह्न 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खो बैराज- बैराज के जल यॉत्रिक संयंत्रों के विभिन्न अवयवों की ग्रीसिंग, स्टील वायर रोप पर कार्डियम कम्पाउण्ड लेपन, गेटों का एलाइन्मेंट रेडिकान युनिट में गियर ऑयल पूरा करना तथा रोप पुली की मरम्मत/ग्रीसिंग का कार्य। | 7.19 | 14,500.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | निविदा शर्तों के अनुसार |
| 2. | भण्डार परिसर में स्थित जाली शेड के अन्दर चिनाई का कार्य। | 8.24 | 17,000.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | निविदा शर्तों के अनुसार |
| 3. | कैमरी बैराज – रामपुर के गेटों के मुख्य रोलर्स एवं साइड स्वे रोलर्स की मरम्मत/ओवर हालिंग आदि के कार्य। | 6.34 | 13,000.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | निविदा शर्तों के अनुसार |
| 4. | कैमरी बैराज- रामपुर के जल यॉत्रिक संयंत्रों के विभिन्न अवयवों की ग्रीसिंग, स्टील वायर रोप पर कार्डियम कम्पाउण्ड लेपन, हैंड ड्राइव यूनिट की ग्रीसिंग/सर्विसिंग तथा गेटों का एलाइनमैंट ठीक करने का कार्य। | 7.15 | 14,500.00 | 30 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | निविदा शर्तों के अनुसार |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म) ठेकेदार द्वारा/1 (पंजीकरण प्रमाण ,पत्र-(2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण) पत्र-I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र) I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण) पत्र-I.D.T.-3),(5) जी पत्र जिसमें प्रतिनिधि-ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार/पत्र की छायाप्रति एवं फर्म-रजिस्ट्रेशन प्रमाण .टी.एस.का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो , -केन्द्रीय भण्डार खण्ड ,अधिशासी अभियन्ता3 कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने ,के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार ,खण्ड-3 कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।,

R.O.No. 250505 Date: 27-04-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(मनोज कुमार गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3,कालागढ

# दो तरफ पुलिस चौकी, फिर भी भाजपा नेता की वर्कशाप में चोरी

**हल्दौर (चिंगारी)।** चोर दुस्साहस दिखाते हुए नूरपुर रोड पर स्थित भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक चौहान उर्फ चानू की गाड़ियों की वर्कशॉप से इन्वर्टर बैट्रे, टूल्स और कैमरो की डीवीआर आदि कीमती सामान चुरा कर ले गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय मौहल्ला रईसान निवासी भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व नगर पालिका परिषद के नामित सभासद दीपक चौहान उर्फ चानू की यहां नूरपुर मार्ग पर कार्तिक स्टेबिलिटी सेंटर के नाम से गाड़ियों की वर्कशॉप हैं। प्रतिदिन की भांति वह सोमवार की शाम वर्कशॉप को बंद कर घर आ गए थे। जब आज सुबह वह वर्कशॉप पर पहुंचे तो उनकी वर्कशॉप के शटर के ताले टूटे होने से उन्हें चोरी होने का पता चला। भाजपा नेता दीपक चौहान के अनुसार चोर रात्रि किसी टाइम वर्कशॉप के



वर्कशॉप से सामान चोरी होने की जानकारी देते हुए भाजपा नेता दीपक चौहान उर्फ चानू।

शटर के ताले तोड़कर वहां रखा इन्वर्टर, दो बैटरे, वर्कशाप के टूल्स व सीसीटीवी कैमरो की डीवीआर आदि सामान चुरा कर ले गए। जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ हैं। उनके द्वारा चोरी की तहरीर थाने पर दे दी गई हैं।

हाईवे पर स्थित वर्कशॉप में हुई चोरी से सभी लोग हतप्रभ हैं, क्योंकि वर्कशॉप के एक ओर कुछ ही दूरी पर सीसीएस चौकी बाल किशनपुर चौराहा व दूसरी ओर अम्बेंड़ा पुलिस चौकी स्थित हैं। फिर भी चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए चोरी कर पुलिस को चुनौती दी हैं। मालूम हो कि इससे पूर्व भी यहां ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित भाजपा नेता व नगर पालिका परिषद सभासद वरुण अग्रवाल के बैंकट हॉल से वहां रखा जनरेटर व उसका कीमती तार चोर चुरा कर ले गए थे। जिसका भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ हैं। उधर चोरों ने वर्कशॉप के पास में ही स्थित हल्दौर निवासी सोनू सिद्दीकी के स्विमिंग पूल से भी जनरेटर का एल्टीनेटर चोरी कर लिया। जिससे उसे हजारो रुपए का नुकसान हुआ हैं। सोनू के द्वारा भी चोरी की तहरीर थाने में दे दी गई हैं।

## हनी फैसल का स्वागत किया

**हल्दौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का पहली बार बिजनौर आगमन के दौरान स्थानीय सपा कार्यकर्ताओं ने बालकिशनपुर चौराहे पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। सोमवार को अपने काफिले के साथ बिजनौर जा रहे सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का बालकिशनपुर चौराहे पर सपा नेता एड. शहनवाज सिद्दीकी, नाज़िम सिद्दीकी, जावेद सिद्दीकी, खुर्शीद सिद्दीकी, प्रमोद भोले, योगेंद्र सिंह ,रवि प्रकाश, नवेद कुरैशी व क्षेत्र के कई सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी केवल एक दल नहीं, बल्कि एक परिवार है। हमारा लक्ष्य आगामी चुनावों में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। हर कार्यकर्ता का सम्मान मेरी प्राथमिकता होगी।

# 7 लाख 67 हजार की साइबर ठगी जब लुट गये, तब भनक लगी

**चांदपुर (चिंगारी)।** पुलिस प्रशासन के बार-बार जागरूक करने के बावजूद लोग साइबर ठगों के द्वारा ठगे जा रहे है। नये मामले में एक व्यक्ति ने साइबर ठगों के झांसे में आकर लगभग 76,7000रूपये गंवा दिए। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर निवासी अनुज तोमर ने बताया कि उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक लिंक आया, जिसको उसने ओपन किया तो डाटा कन्सलटेसिस सर्विस एवं एम ग्रुप नाम से विवरण मिला, जिसमें डिटेल मांगी गई तथा पेन कार्ड व आधार कार्ड मांगा गया तथा उसने एक क्यूआईबी अकाउंट बना लिया। अनीका शर्मा नाम से कुछ मैसेज भी आय। उसने फार्म भरकर अनीका शर्मा के व्हाट्सएप पर भेजा, अनीका शर्मा द्वारा विश्वास में लेने के लिए फार्म का प्रिंट निकाल कर उस पर स्टैम्प लगा कर उसके व्हाट्सएप पर भेजा गया तथा उसे विश्वास दिलाया कि क्यूआईबी अकाउंट सफलतापूर्वक दर्ज हो गया है। उसके पास यह संदेश भी भेजा गया कि यदि उसके द्वारा तीन दिन के अंदर कोई धनराशि जमा नहीं की गई तो स्वत अकाउंट अमान्य हो जाएगा,तब उसके द्वारा अपने उक्त एकाउंट में उनके द्वारा बताये गये बैंकों के विभिन्न एकाउंट में लगभग 767000 रुपए की धनराशि जमा कर दी गई,तब उसे बताया गया कि तुम्हारी लाभ की धनराशि 3069811.94 रुपए हो गई है। यदि आपको उक्त धनराशि प्राप्त करनी है तो आप को उक्त धनराशि का 20 प्रतिशत अर्थात 5 लाख रुपए और जमा करने होंगे, तब उसे शक हुआ। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## हल्दौर में 3 मई को आई कैम्प

हल्दौर (चिंगारी)। नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 3 मई दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल निश्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सक मरीजो की आंखो का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजो को ऑपरेशन के लिये अपने साथ लें जाएंगें। मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 3 मई से पूर्व प्रातः10 बजे से सांय 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**धामपुर (चिंगारी)।** स्योहारा मार्ग पर कार और श्री व्हीलर में हुई आमने-सामने की टक्कर में श्री व्हीलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए मुरादाबाद रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक 27 अप्रैल 2026 को जाकिर अली पुत्र असगर अली निवासी रामसहायवाला थाना शेरकोट, स्योहारा से अपने घर जा रहे थे । शीला टाकीज धामपुर के पास सामने से आ रही ईटींका कार नं. यूके06बी जी2263 के चालक (नाम पता अज्ञात) अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए श्री व्हीलर नं. यूपी20 सीटी2708 मे टक्कर मार दी, जिससे जाकिर व उनके पुत्र फैसल उम्र करीब 22 वर्ष को गम्भीर चोट आई थी। व्हीलर क्षतिग्रस्त हो गया। गम्भीर रूप से घायल फैसल को आयुष्मान हास्पिटल धामपुर से कॉसमॉस हास्पिटल मुरादाबाद रैफर किया गया ।

# सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी व अबोध पुत्र घायल

**बाइक द्वारा शादी में शिरकत करने जा रहे थे नजीबाबाद के इकबाल**

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** यूपी-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम रायपुरी में हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार पति की मौत हो गई जबकि पत्नी व एक अबोध पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। नजीबाबाद के मोहल्ला रम्पुरा निवासी इकबाल अहमद (32 वर्ष) पुत्र मौ. शब्बीर व अपनी पत्नी नाहिद परवीन (28 वर्ष) 6 माह के पुत्र मौ. शान को साथ लेकर बाइक द्वारा एक रिश्तेदारी



हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

में होने वाले शादी समारोह में शिरकत करने काशीपुर जा रहे थे कि काशीपुर-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर यूपी-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित रायपुरी में रिकवरी वैन की चपेट में आने से इकबाल, उसकी पत्नी नाहिद व अबोध पुत्र मौ.शान गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद रेहड़ पुलिस टीम ने अचानक मौके पर आई और एक एंबुलेंस में तीनों को जसपुर पहुंचाया जहां चिकित्सक ने इकबाल अहमद को मृत घोषित कर दिया और उसकी पत्नी नाहिद व अबोध पुत्र मौ. शान को गंभीरावस्था के चलते काशीपुर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि रिकवरी वैन को कब्जे में ले लिया गया है। पीएम रिपोर्ट, मेडिकल व तहरीर आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपाइयों ने फूंका विपक्ष का पुतला




**चांदपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारी वंदन अधिनियम को संसद में पारित न होने देने पर रोष जताते हुए विपक्ष का पुतला फूंक कर विरोध जताया। ब्लाक जलीलपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी ने कहा कि कांग्रेस व सपा द्वारा नारी वंदन अधिनियम को संसद में पास न कर भारत की आधी आबादी के साथ धोखा किया, जिससे इन दलों की मानसिकता का पता लगता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं को उनका अधिकार मिले और महिलाएं सशक्त हो पाये।बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का पुतला फूंक कर विरोध जताया। पुतला फूंकने वालों में भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती मीनू राजपूत, विमला देवी,सरिता, मीनाक्षी, दीपा, सचिन शर्मा, जितेन्द्र कुमार, विशाल आदि मौजूद रहे।

# वीडियो बनाकर छात्र को ब्लैकमेल करता था, पकड़ा गया

**मंडावर (चिंगारी)।** 10वीं के छात्र के साथ कुकर्म कर ब्लैकमेल करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मंडावर के मोहल्ला बंजारान निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका पुत्र जो 10वीं का छात्र है, उसके साथ मोहल्ले का रईस पुत्र यामीन अपने घेर में कुकर्म कर वीडियो बनाता था और वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसे मंगाता था। पीड़ित बच्चे का पिता परचून की दुकान करता है। मंगलवार की सुबह रोज की भांति सुबह छात्र स्कूल गया तो जाते वक्त छात्र ने अपनी दुकान से कुछ पैसे उठाए और अपने बैग में रख लिए और चला गया। जैसे ही वह पटवारिन मंदिर पर पहुंचा तो रईस खड़ा हुआ था और छात्र से पैसे वसूल रहा था जिसे छात्र के पिता ने रंगे हाथों पकड़ लिया। छात्र के पिता को देख रईस रफूचक्कर हो गया। पुत्र ने जब आपबीती सुनाई तो वह दंग रह गया। छात्र के पिता ने तुरन्त 112 को फोन कर पूरी जानकारी दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। वहीं थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि छात्र के साथ कुकर्म कर ब्लैकमेल करने की तहरीर मिल गई है, जांच की जा रही है।

# 2 मई को आयेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, डीएम ने बैठक की अधिकारियों के साथ



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में 2 मई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री के जनपद भ्रमण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, डीसी एनआरएलएम योगेंद्र यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को शिलान्यास एवं लोकार्पण से संबंधित परियोजनाओं की सूची तैयार कर उनके लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये। साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी अलग-अलग नोडल अधिकारी तय करने को कहा।

उन्होंने उपकृषि निदेशक को कार्यक्रम स्थल पर ऑर्गेनिक उत्पाद, फूल एवं सब्जियों के स्टाल लगाने तथा कृषि योजनाओं के लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त उद्योग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भी विभिन्न स्टाल लगाने और मुख्यमंत्री द्वारा लाभान्वित किए जाने वाले लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता और सजगता के साथ निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं।

## डीएम-एसपी ने सभास्थल व हेलीपैड का जायजा लिया



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ शनिवार शाम करीब 4 बजे मुख्यमंत्री के 2 मई 2026 को प्रस्तावित बिजनौर दौरे के मद्देनजर अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी स्थित बढ़ापुर विधायक के फार्म हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल, सभास्थल, प्रेस गैलरी, सेफ हाउस, पार्किंग आदि स्थानों का चिन्हांकन किया और सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी समेत लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# करके छोटे-छोटे उपाय, मलेरिया दूर भगायें




**किरतपुर (चिंगारी)।** कल स्मार्ट एनजीओ एवं रामा एफएम 90.0 टीम द्वारा विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और इसके बचाव हेतु उपायों की जानकारी देना था। इस अवसर पर मलेरिया अधिकारी डॉ. मंजुषा गुप्ता ने बेहद सरल और प्रभावशाली तरीके से मलेरिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने मलेरिया के कारण, इसके लक्षण, समय पर पहचान, उपचार के तरीके और इसके बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा. गुप्ता ने यह भी बताया कि कैसे छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम मलेरिया जैसी बीमारी से खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं, जैसे- साफ सफाई का ध्यान रखना, पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का उपयोग करना, समय पर जांच और इलाज कराना। कार्यक्रम को सफल बनाने में रचना चौधरी व पृथ्वीराज का योगदान रहा। एफएम कोर्डिनेटर नीलम वर्मा ने सभी से अपील कि इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं और मलेरिया मुक्त भारत बनाने में अपना योगदान दें। यह जानकारी एफएम मीडिया प्रभारी डा. रवीश कुमार ने दी।

## सपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया

**चांदपुर (चिंगारी)।** सोमवार को मौ. आसिफ़ असलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजनौर पहुंचकर पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का स्वागत किया। वरिष्ठ नेता मौ. आसिफ़ ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल को विश्वास दिलाया कि वे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।



## भीषण गर्मी में छबील लगाया, राहगीरों को शर्बत पिलाया

**किरतपुर (चिंगारी)।** कल मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर बढ़ती हुई भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर के पूर्व अध्यक्ष अंकित रस्तोगी ने छबील लगाया, जिसमें राहगीरों, मजदूरों तथा आम नागरिकों को शीतल जल और शरबत वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया और आयोजकों की सराहना की। अंकित रस्तोगी ने बताया कि इस तरह के कार्यों से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।



# डंपिंग ग्राउंड में आग लगने से धुआं ही धुआं, सांस लेना दूभर हुआ

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर के डंपिंग ग्राउंड में पिछले तीन-चार दिनों से लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालांकि नगर पालिका की टीम द्वारा आग बुझाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन भीषण गर्मी और कूड़े के अंदर लंबे समय तक सुलगने के कारण आग बार-बार भड़क उठती है। आग लगने से उठने वाला घना धुआं और गैस आसपास के क्षेत्र में फैल रही है, जिससे वातावरण अत्यधिक प्रदूषित हो गया है और लोगों का सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है।




जानकारी के अनुसार मोहल्ला मंझोली के घनी आबादी वाले इलाके में स्थित डंपिंग ग्राउंड के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आसपास के लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से उन्हें नारकीय स्थिति में जीवन यापन करना पड़ रहा है। दिन-रात फैल रही दुर्गंध और धुएं के कारण घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का यह भी कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है। और कई लोग गले में खराश, दर्द, आंखों में जलन व लगातार खांसी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने इस समस्या को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि डंपिंग ग्राउंड को शीघ्र ही आबादी से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए स्थायी समाधान भी किया जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ के अधिशासी अभियंता एसपी सिंह का कहना है कि पालिका प्रशासन पूरी तरह लगा हुआ है। आज पोकलेन मशीन बुलाई गई है। शाम तक समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# अजब-गज़ब है इस बार अप्रैल का महीना

# पहले सर्दी का अहसास, अब पसीना ही पसीना

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** अप्रैल के महीने ने इस बार लोगों को खूब अचंभित किया है। दूसरे सप्ताह में लौटी ठंडक ने जहां लोगों को स्वेटर, जर्सी, जैकेट पहनने को मजबूर किया था, अब पिछले बीते कई दिनों से भीषण गर्मी ने लोगों को झुलसाकर रख दिया। अप्रैल का महीना अप्रैल कम, फरवरी और मई ज्यादा नजर आया।




इस बार ऐसा लगा जैसे अप्रैल ने लोगों को हैरत में डालने की प्रतिज्ञा कर रखी हो। अप्रैल के महीने में गर्मी की शुरुआत हो जाती है, मगर बेहाल कर देने वाली गर्मी नहीं पड़ती है। उधर अप्रैल के महीने में मौसम में ठंडक भी नहीं रह जाती है। मगर इस बार अप्रैल ने फरवरी जैसी ठंडक का भी अहसास कराया और फिर मई जैसी गर्मी में भी झुलसाया। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में फरवरी जैसी ठंड पड़ी। हल्की बारिश के बाद मौसम ने ऐसी पलटी मारी थी कि कई दिनों तक मौसम में अच्छी-खासी ठंडक रही थी। सुबह सवेरे लोगों को स्वेटर, जर्सी या जैकेट पहनने और शॉल ओढ़ने को मजबूर होना पड़ा था। ये सब कपड़े संदूकों, अलमारियों में पैक कर देने के बाद पुनः निकालने पड़े थे। अप्रैल में फरवरी का अहसास होने लगा था। फिर गर्मी शुरू हुई, तो उसने बेहाल कर दिया। आसमान से बरसती आग के कारण मई-जून की भांति दोपहर को बाजार सूने पड़ जाते थे। अप्रैल के महीने में सामान्यतः इतनी गर्मी नहीं पड़ती है। लोग कहने को मजबूर हैं कि जब अप्रैल में यह हाल है, तो मई-जून में क्या हाल होगा? हालांकि मौसम का यह विस्मित कर देने वाला बदलाव मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ की गई बेइंतहा छेड़छाड़ का ही नतीजा नजर आता है। पेड़ों को लगातार काटा जा रहा है, नदियों का सीना लगातार छलनी किया जा रहा है, फसलों में कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है, भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है।

## 20 दिन पूर्व वॉलीबॉल खेलने को लेकर हुये हमले में एक गिरफ़्तार

**नहटौर ( चिंगारी )।** 20 दिन पूर्व गांव शमशाबाद निवासी नीलम कुमार के पुत्र लवीस कुमार को गांव के कुछ युवकों ने वॉलीबॉल खेलने से रोका था। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। जब लवीस कुमार ने उन्हें समझाने और गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी वितन, लक्की, रजत, लवी, भोलू, शिवम और आभास ने कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से उस पर लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। हमले के बाद शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे। गंभीर रूप से घायल लवीस कुमार को तुरंत नहटौर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया था। इस मामले में उसके परिजनों ने वितन, लक्की, रजत, लवी, भोलू, शिवम और आभास के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। सोमवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक आरोपी लवी पुत्र तारा सिंह निवासी ग्राम शमसाबाद को पकड़ लिया। मारपीट में इस्तेमाल किए गए धारदार हथियार को उसने फेंक दिया था। जो उसको अब याद नहीं है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी का संबंधित धारा में चालान कर दिया।

## भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**नूरपुर ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने महिला बिल को लेकर विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया। संसद में विपक्ष द्वारा महिला बिल का विरोध करने से गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को शिशु मंदिर विद्या मंदिर इंटर कॉलिज से शिव मंदिर चौक तक पदयात्रा निकाली तथा विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक शीला राणा, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, रेणु चौहान, सर्वेश त्यागी, कमलेश प्रजापति, मंडल मंत्री सरिता सिसौदिया, स्वाति रस्तौगी, जसविंदर कौर, नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, विनोद चौहान, प्रदीप राणा आदि उपस्थित रहे।**

## मनरेगा कर्मियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की चेतावनी दी



### 8 माह से नहीं मिला मानदेय

**नहटौर ( चिंगारी )।** विकास खंड नहटौर के मनरेगा कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर विकास खंड कार्यालय पर धरना दिया तथा खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को मजबूर होंगे। सोमवार को मनरेगा कर्मियों द्वारा खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह को सौंपे गए पत्र में मांग की है कि पिछले 7 से 8 महीनों से उन्हें मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। शीघ्र ही मानदेय दिया जाए। लगभग 40 माह का ईपीएफ बकाया है, जिसे शीघ्र ही कर्मियों के युएएन अकाउंट में भेजने की मांग की गई है। बेहतर कार्यक्षमता के लिए कर्मियों ने अच्छी गुणवत्ता वाले मोबाइल और टैबलेट उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले 18 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण उनका मनोबल गिर रहा है। कर्मियों ने मार्मिक लहजे में सवाल उठाया कि 'यदि किसी अधिकारी का एक माह का वेतन रुक जाए तो उसे कैसा महसूस होगा'। मनरेगा कर्मियों ने दोटूक शब्दों में कहा कि या तो उनकी गंभीर समस्याओं का समाधान किया जाए, अन्यथा उनका सामूहिक इस्तीफा स्वीकार किया जाए। इस मौके पर प्रमोद कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, कल्याण सिंह, हरिओम, रामपाल, हेमेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## इशांत शर्मा को सम्मानित किया



**नहटौर ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम सीकरी बुजुर्ग निवासी यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में जिले की मेरिट में स्थान बनाने वाले इशांत शर्मा को ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शोभित कुमार त्यागी, बलराज त्यागी, संजीव त्यागी, विनीत त्यागी, सचिन त्यागी, संगम त्यागी, सोनू ठाकुर रहे। इशांत शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक पाकर जिले की सूची में 7वां स्थान व नहटौर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

## धर्मपुरा के प्रधान शौवीर सिंह चुने गये पंचायती राज संगठन के प्रदेश प्रभारी

**झालू ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई,




जिसमें बिजनौर जिले से नगर के निकटवर्ती ग्राम धर्मपुरा के प्रधान शौवीर सिंह को संगठन का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के 50 से अधिक जनपदों के जिलाध्यक्ष, ग्राम प्रधान एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से अमरोहा जनपद की ग्राम प्रधान मनु यादव को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मौजूदा ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय तथा जौनपुर की ग्राम प्रधान ज्योति यादव को राष्ट्रीय महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं बिजनौर जनपद के ग्राम प्रधान शौवीर सिंह को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में विभिन्न जनपदों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और पंचायतों से जुड़े मुद्दों को भी उठाया।

## हीमपुर दीपा में चोरी की कुछ वारदातें ऐसी, पुलिस जिन पर से पर्दा नहीं उठा सकी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश तो लगा है, लेकिन कुछ चोरी की घटनाएं ऐसी भी हैं, जिनका खुलासा आज तक नहीं हो पाया। हालांकि मंडोरा जट गांव के चर्चित लूट कांड के रहस्य से पर्दा हटाने में पुलिस सफल रही, जिसे बड़े ही ड्रामाई अंदाज में परिवार की एक महिला द्वारा अमलीजामा पहनाया गया था, लेकिन पुलिस उसकी चालाकी और होशियारी को जल्दी ही भांप गई और पकड़ ली गई। इसके बाद लगभग 28 दिन पूर्व कपड़ा व्यवसायी लाला मुनीश बंसल के हीमपुर दीपा स्थित आवास पर दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना में रहस्य बरकरार है, जबकि पुलिस पूछताछ से लेकर आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल चुकी है। लगता है पुलिस की लंबी कवायद परवान नहीं चढ़ पा रही, जिसके कारण घर के अंदर रखे लाखों रुपए के सोने, चांदी के जेवर और नगदी को जमीन खा गई या आसमान निगल गया, यही क्षेत्र में आज चर्चा का विषय बना है। पिछले वर्षों में रतनपुर खुर्द गांव के अमित ज्वैलरी शॉप पर ठगी का एक मामला प्रकाश में आ चुका है। शॉप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में तो ठगों की फोटो भी कैद हो गई थी, फिर भी पुलिस सफलता से कोसों दूर रही। इसके अलावा चांदपुर-बिजनौर मार्ग पर एसपी ग्रुप ऑफ कॉलेज तिगरी के भवन के रात्रि में खिड़की दरवाजे तोड़कर लाखों रुपए के मेडिकल इंस्ट्रूमेंट आदि सामान ले जाने में चोर सफल रहे थे। चोरी के समय सीसीटीवी कैमरे खराब पाए गए थे, तब पुलिस ने सुरक्षा संबंधी उपकरण ठीक कराए जाने और चोरी गए सामान के बिल वाउचर मांग कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था।

# तालिब सहित 14 पर लगीं गम्भीर धाराएं समधी मोहम्मद ग़ाज़ी भी लपेटे में आये

## समिति की करोड़ों की जमीन अवैध रूप से बेचने का आरोप



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)

FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. District/Unit (जिला/इकाई): बिजनौर
P.S. (थाना): शेरकोट Year (वर्ष): 2026
FIR No.(प्र.सू.रि. सं.): 0074
Date &Time of FIR(प्र.सू.रि. की दिनांक/समय): 27/04/2026 09:16

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एं)) |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 318(4) |
| 2 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 338 |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 336(3) |
| 4 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 340(2) |
| 5 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 61(1) |
| 6 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 352 |
| 7 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 351(2) |
| 8 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 109(1) |

**बिजनौर ( चिंगारी )। तालिब बंधुओं की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। शेरकोट क्षेत्र में करोड़ों रूपए मूल्य की जमीन हड़पने के आरोप में तालिब और उनके समधी पूर्व विधायक मौ. गाजी सहित 14 लोगों के विरुद्ध शेरकोट थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराये जाने से हड़कम्प मच गया।**

शेरकोट सहकारी आवास समिति लिमिटेड के सदस्य मोहल्ला नौधना निवासी शाहिद अली द्वारा की गई शिकायत के मुताबिक सन्1989 में शेरकोट सहकारी आवास समिति लिमिटेड ने अब्दुल अजीज से 25 बीघा जमीन खरीदने के लिए 3.45 लाख रुपये में इकरारनामा किया था और समिति ने धनराशि का भुगतान भी कर दिया था, लेकिन बैनामा होने से पूर्व विक्रेता की मौत हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद समिति के तत्कालीन सचिव शौकत अली ने विक्रेता के वारिसों के साथ मिलीभगत कर केवल 12.50 बीघा भूमि समिति के नाम कराई और शेष 12.50 बीघा जमीन समिति के फर्जी सदस्य बनाकर उनके नाम कर दी गई। आरोप है कि फर्जी सदस्यों को बनाने के लिए रसीदें भी फर्जी काटी गईं। आरोप है कि इस पूरे मामले का मास्टर माइंड तालिब है, जिसने अपने रिश्तेदारों और साथियों के साथ मिलकर नक़ली कागज़ बनवाए और आपसी बैनामों के जरिए भूमि को कब्जा लिया।

बताया गया है कि वर्तमान में ये भूमि आबादी में शामिल हो जाने के कारण इसकी कीमत कई करोड़ मानी जा रही है। शिकायतकर्ता का ये भी आरोप है कि अवैध रूप से बेची गई जमीन से प्राप्त हुई धनराशि भी समिति के खाते में जमा नहीं की गई है और उसे निजी खर्च कर लिया गया है। शाहिद अली का आरोप है कि गत 17 अप्रैल को वह समीति की जमीन पर जा रहे थे कि आरोपियों ने उन्हें रोककर अभद्रता की और जान से मारने की नीयत से हमला किया। आसपास के लोगों के आ जाने से उनकी जान बची।

थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मौ. तालिब निवासी मोहल्ला चाहशीरीं बिजनौर, सलीम अहमद, फैय्याज अहमद, वसीम अहमद (समिति अध्यक्ष), शमीम, नसीम, मुनीर, शौकत अली, नसीमा खातून, मोहम्मद गाजी (पूर्व विधायक), उनके भाई मोहम्मद कमाल, मोहम्मद मुजाहिद, मोहम्मद दानिश और कासिम के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उक्त मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### ग़ाज़ी के राजनीतिक करियर पर भी पड़ सका है असर

**मोहम्मद गाजी दो बार विधायक रह चुके हैं और 2027 में भी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन इस मुकदमे के चलते उनके राजनीतिक करियर पर भी असर पड़ सकता है।**



**गाजी पिछले कई साल से चन्द्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी में सक्रिय हैं। गत लोकसभा चुनाव में उन्होंने पूरे जी-जान से चन्द्रशेखर का चुनाव लड़ाया था। विधानसभा चुनाव में गाजी धामपुर सीट से असपा के टिकट के दावेदार हैं। लेकिन पहले मुजफ्फरनगर में अपने समधी पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के मामले में जेल जाने और अब शेरकोट में दूसरे समधी तालिब के साथ लपेटे में आने से उनकी राजनीति भी प्रभावित हो सकती है। बता दें कि मुजफ्फरनगर निवासी पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के बेटे से मो. गाजी की बेटी की शादी हुई है, जबकि तालिब की बेटी से गाजी के बेटे की हाल ही में शादी हुई है। 2025 में एक मामले में शाहनवाज राणा को जेल जाना पड़ा था। तब जेल के अंदर राणा को सिम पहुंचाने के आरोप में मो. गाजी को भी करीब तीन महीने तक जेल में रहना पड़ा था।**

# स्कूल में बच्चों को लगाये गये टीके



**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा रोड स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में सोमवार को सरकार के दिशा निर्देशों के तहत कक्षा एक के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय डिप्थीरिया ,काली खांसी, टेटनस कक्षा पांच एवं दस के लिए टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर के मुख्य चिकित्सक डॉ अजय गंधर्व के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी सीमा भारद्वाज व प्रतिभा यादव द्वारा बच्चों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के बाद अभिभावकों की सहमति से टीके लगाए गए। स्कूल प्रशासन ने भी पूरे अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक निगरानी में रखा गया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर रूपधारा देवी ने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियानों में सभी शिक्षकों व अभिवावकों से सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।

# मुख्यमंत्री ने लाधवी भाटिया को भेजा बधाई-पत्र



**चांदपुर ( चिंगारी )। फादरसन पब्लिक स्कूल की छात्रा लाधवी भाटिया के हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल के प्रधानाचार्य को प्रशंसा पत्र भेजकर बधाई दी है। मुख्यमंत्री का बधाई संदेश मिलने से स्कूल परिवार गदगद है। हिंदी विकास संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित की जाने वाली हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में फादरसन पब्लिक स्कूल की हाईस्कूल की छात्रा लाधवी भाटिया पुत्री संदीप भाटिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता था ।लाधवी भाटिया को संस्थान की ओर से दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रा लाधवी भाटिया के हिंदी भाषा के प्रति लगाव व प्रेम को देखते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य को पत्र भेजकर बधाई दी है।**

# प्रदेश विधानसभा का विशेष एक दिवसीय सत्र जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश - धस्माना

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विधानसभा के कल आहूत विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस ने भाजपा सरकार व पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना ने भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को तर्ज पर उत्तराखंड की भाजपा सरकार भी महिला आरक्षण के नाम पर उत्तराखंड की जनता और विशेष कर महिलाओं की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की संसद ने वर्ष 2023 में ही महिलाओं के लिए संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल पास कर महामहिम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से उसे कानून बना दिया किंतु उसको लागू करने की राह में भाजपा सरकार ने हो उसमें जनगणना व परिसीमन का अड़ंगा लगा दिया था।



धस्माना ने कहा कि हाल ही में लोकसभा का विशेष सत्र आहूत कर केंद्र की एनडीए सरकार ने महिला आरक्षण के नाम पर देश के संघीय ढांचे को तहस नहस करने की नीयत से बिना विपक्ष को विश्वास में लिए एक विधेयक पेश किया जिसमें बिना जातीय जनगणना के पूर्ण हुए 850 लोक सभा सीटें बनाने का मसौदा शामिल था, संसद में पारित करवाने का प्रयास किया जिसे एकजुट विपक्ष ने पास नहीं होने दिया। धस्माना ने कहा कि कांग्रेस का आज भी स्पष्ट मानना है कि अगर केंद्र सरकार की नीयत महिलाओं को आरक्षण देने की है तो वह आज की तिथि में लोकसभा की वर्तमान संख्या 543 पर ही महिला आरक्षण लागू कर दे और साथ ही देश की सभी विधानसभाओं में भी वर्तमान सीटों पर यह बात लागू हो जाए, किन्तु वास्तव में भाजपा ऐसा कतई नहीं चाहती बल्कि वो महिला आरक्षण की आड़ में बिना जाति जनगणना के लोक सभा की सीटें 543 से बड़ा कर 850 करना चाहती है जो देश की वंचित पिछड़े समाज के साथ धोखे बाजी है इसलिए कांग्रेस समेत देश का सारे विपक्ष ने एक जुट हो कर केंद्र सरकार व भाजपा की इस साजिश को विफल कर दिया।

### राजा जी नेशनल पार्क में शादी पर भी सवाल उठाया

**कैबिनेट मंत्री खजानदास के सुपुत्र के विवाह में राजाजी नैशनल पार्क में नियमों के विपरीत शादी समारोह आयोजित किए जाने के मुद्दे पर धस्माना ने कहा कि चाहे कोई मुख्यमंत्री हो मंत्री हो विपक्ष का नेता हो या अधिकारी हो नियम सभी के लिए बराबर हैं और सभी को उनका पालन करना चाहिए। धस्माना ने एक क्लब बार में समय सीमा के बाद बार खुलने के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही को गढ़वाल के आईजी द्वारा रूकवाये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब बाड़ ही खेत को खाएगी तो कोई क्या करेगा। उन्होंने इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की। पत्रकार वार्ता में प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल व उपाध्यक्ष पूनम कंडारी उपस्थित रहे।**

# पत्नी के साथ चल रही अनबन पति ने अपने सिर पर चलाई गन

## पुलिस को मौके से मिली 12 बोर की डबल बैरल बंदूक व 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल

**बिजनौर (चिंगारी)।** इन्द्रलोक कॉलोनी में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब चांदपुर तहसील में तैनात नायब नाजिर संजीव चौधरी उर्फ महावीर (50 वर्ष) ने अपने आवास पर खुद को गोली मार ली। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट, 12 बोर की डबल बैरल बंदूक, 32 बोर की पिस्टल बरामद की है।

शहर कोतवाली की इन्द्रलोक कालोनी निवासी संजीव चौधरी उर्फ महावीर (50 वर्ष) चांदपुर तहसील में नायब नाजिर के पद पर तैनात है। सोमवार की दोपहर करीब तीन बजे संजीव चौधरी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। गोली लगते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने उन्हें गंभीर हालत में नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जांच के दौरान पुलिस को मौके से संजीव चौधरी के नाम लाइसेंसी 12 बोर की डबल बैरल बंदूक व 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल मिली है। पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में पति-पत्नी का विवाद सामने आया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। एएसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने कहा इन्द्रलोक कालोनी निवासी कर्मचारी संजीव ने गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया है। उपचार के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से 12 बोर की डबल बैरल बंदूक व 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल और सुसाइड नोट भी बरामद किया। मौके से बरामद सुसाइड नोट में पति-पत्नी का विवाद पाया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।


मौके पर मौजूद पुलिस।


संजीव चौधरी

# लाखों रुपये की लागत से बनी मंडी समिति के शेड में बंध रहे घोड़े-खच्चर

**बरूकी/बिजनौर (चिंगारी)।** साप्ताहिक बाजार लगाने एवं किसानों की सुविधा हेतु लाखों रुपए की लागत से मंडी समिति किरतपुर द्वारा बनाए गए टिन शेड में या तो घोड़े बंध रहे हैं अथवा उनको पार्किंग के काम में लाया जा रहा है। प्राप्त विवरण के अनुसार तहसील बिजनौर के राजस्व ग्राम बरूकी में लाखों रुपए की लागत से लगभग 10 वर्ष पहले सहकारी संघ बाकर नगंला के बरूकी स्थित प्रांगण में मंडी समिति किरतपुर द्वारा लाखों रुपए की लागत से छायादार चबूतरों का निर्माण बरूकी में लगने वाले दोनों साप्ताहिक बाजारों को भरने के लिए और किसानों की सुविधा के लिए कराया गया था। लेकिन बरूकी के दोनों साप्ताहिक बाजार मंडी समिति के टिन शेड में न भरकर बरूकी उमरी रोड के दोनों ओर सड़क किनारे लगते हैं, जिससे आएदिन क्षेत्रीय ग्रामीणों को जाम की स्थिति से जूझना पड़ता है, वहीं लाखों रुपए की लागत से बने इन छायादार चबूतरों पर भारी गंदगी एवं कूड़ा करकट के बीच या तो आवारा पशुओं का ठिकाना बन गया है अथवा घोड़े बांधने और पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है, जिसके चलते क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं फड़ दुकानदारों को मंडी समिति के इन छायादार चबूतरों से कोई भी लाभ नहीं मिल पाया है।



भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने बताया कि कई बार मंडी समिति प्रशासन किरतपुर को इस संबंध में लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराकर फड़ दुकानदारों को मंडी समिति के इन छायादार चबूतरों पर बैठने की व्यवस्था कराने एवं अन्य सुविधाएं करने की मांग की गई। लेकिन मंडी समिति किरतपुर द्वारा इस संबंध में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जिसके कारण आए दिन बरूकी के दोनों साप्ताहिक बाजारों में जाम की स्थिति से क्षेत्रीय ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ता है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# सीएचसी के लेबर रूम के सामने बिजली बॉक्स में आग लगने से अफरा-तफरी

**नगीना (चिंगारी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेबर रुम के सामने दीवार पर लगे बिजली बॉक्स में अचानक लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल कर्मचारियों ने बड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया।

सोमवार की दोपहर के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लेबर रुम के सामने लगे बिजली बोर्ड में अचानक आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय केंद्र के अंदर मरीज भी मौजूद थे। आग लगने से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई, आग तेज होती देख अस्पताल कर्मियों ने सुरक्षा गार्ड के सहयोग से अग्नि शमन यंत्र से आग पर काबू पाया। आग बुझने पर ही अस्पताल कर्मियों व रोगियों ने राहत की सांस ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकिसा अधीक्षक डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि बिजली बोर्ड में लगी एमसीबी के फुक जाने के कारण उसमें थोड़ी सी आग लगी थी, जिसे बुझा दिया गया।

# ग्राम जालपुर पहुंचे विधायक ओमकुमार, ग्रामवासियों ने स्वागत किया जोरदार





**नहटौर (चिंगारी)।** लोकसभा क्षेत्र नगीना के ग्राम जालपुर में संत शिरोमणि गुरु रविदास कमेटी एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर कमेटी के तत्वावधान में एक भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नहटौर विधायक एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी (भाजपा) 05 नगीना ओम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान ओम कुमार ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ओमकुमार ने केंद्र एवं प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है तथा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु अनेक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में होशियार सिंह, श्रीमती शोभा रानी, सुबोध पाराशर (पूर्व विधायक), श्रीमती लीना सिंघल, सुधीर भुईयार, तपराज चौधरी (ब्लॉक प्रमुख), अवधेश (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), मंडल अध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र, नकुल अग्रवाल, वरुण आत्रेय, अनुज चौधरी, राकेश त्यागी, दुष्यंत कुमार, योगेश राजपूत, वीरेंद्र शर्मा, चमन दहिया, राजकुमार (मंच संचालक) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नजीबाबाद, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद एवं नायब तहसीलदार नजीबाबाद सहित प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों द्वारा किए गए भव्य स्वागत, अभिनंदन एवं समर्थन के लिए ओम कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विपक्षी विधायकों के नारों से गूंज उठा विधानसभा परिसर



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र शुरू होने से पहले ही विपक्ष के विधायकों के नारों से गूंज उठा है। विपक्ष के विधायकों ने विधानसभा के गेट से लेकर विधानसभा के अंदर तक प्रदर्शन किया और सीधा कहा कि महिला आरक्षण बिल जो लागू हो चुका है, उसे उत्तराखंड में भी लागू करें और 2027 के विधानसभा चुनाव जो होने वाले हैं, उनमें महिलाओं के लिए सीट आरक्षित की जायें। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के विधायकों ने साफ कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को केवल वोट बैंक समझ रही है, उन्हें आरक्षण देना नहीं चाहती हैं। अगर उन्हें महिलाओं को सत्ता में उनकी भागीदारी देनी है तो तत्काल ही आरक्षण व्यवस्था को लागू कर देना चाहिए और 2027 में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर चुनाव मैदान में उतारना चाहिए। विधानसभा में उप नेता भवन कापड़ी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार संविधान को तोड़ने का काम कर रहा है। उसके द्वारा संस्थानों पर कब्जा किया जा रहा है और वह महिलाओं के आरक्षण के नाम पर दोगली नीति अपनाए हुए हैं।

## झबरेड़ा विधायक ने विधानसभा के बाहर गन्ने की ट्राली पलटी

### प्रशासन में हड़कंप, अफरा-तफरी मची




**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विधानसभा के एकदिवसीय विशेष सत्र के दौरान विधानसभा के बाहर झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक वीरेंद्र ने इकबालपुर शुगर मिल के द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान न करने के विरोध में गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली लाकर विधानसभा के गेट के बाहर पलट दी। विधायक ने गन्ना किसानों की मांग उठाते हुए कहा कि किसानों का भुगतान इकबालपुर शुगर मिल के द्वारा नहीं किया जा रहा है और सरकार का पूरा संरक्षण शुगर मिल के प्रबंध तंत्र को मिला हुआ है, जिसके चलते गन्ना किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। विधानसभा के बाहर गन्ने की ट्राली को जब पलटा तो उसके बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ, लेकिन खुफिया विभाग पूरी तरीके से फेल नजर आया। विधानसभा के चारों तरफ भारी वेरिकेडिंग होने के बाद तक गन्ने की ट्राली कैसे पहुंच गई, इस पर सवाल खड़ा होता है। विधायक का कहना है कि प्रदेश सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है।

## ओआईएमटी में रोट्रेक्ट क्लब क्लासिक का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम आयोजित



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ओंकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ऋषिकेश में ओआईएमटी रोट्रेक्ट क्लब द्वारा इंस्टॉलेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लासिक के अध्यक्ष रो. संजय सकलानी, सचिव रो.विजय रावत, कोषाध्यक्ष रो.हिमांशु गुप्ता और एक्जीक्यूटिव सचिव राकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विकास गैरोला द्वारा सभी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लासिक के अध्यक्ष संजय सकलानी द्वारा सभी छात्रों को रोटरी क्लासिक ऋषिकेश से संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। क्लब के बारे में भी छात्रों को बताया कि क्लब समाज कल्याण एवं सामाजिक उत्थान में अपनी अहम भूमिका अदा करता है। इसके पश्चात सचिव विजय रावत बताया कि रोटरी की 80 से ज्यादा देशों में संस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हैं और समाज कल्याण एवं सामाजिक उत्थान में क्लब का एक और महत्वपूर्ण योगदान है चाहे वो वैश्विक आपदाएं या किसी भी तरह की सामाजिक समस्याएं हों, रोटरी द्वारा सभी में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। क्लब के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। रोटरी हर साल कॉलेज और विश्वविद्यालय में रोट्रेक्ट क्लब का रजिस्ट्रेशन करवाते हैं, जिसमें छात्र-छात्राएँ बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते है और सामाजिक समस्याओं को दूर करने में कुछ न कुछ योगदान प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. विकास गैरोला, रोटरी क्लासिक के सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में रोटेरेक्ट क्लब के अध्यक्ष के रूप में ध्रुव बंसल, उपाध्यक्ष प्रणव भद्री, सचिव निमित्त जैन, कोषाध्यक्ष तनीषा गोयल को बनाया गया।

## सच्ची मित्रता में धन-दौलत का कोई स्थान नहीं होता : रसिक महाराज

### श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास ने सुनाया कृष्ण सुदामा मिलन प्रसंग



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रायवाला कौटिल्य वाटिका वैडिंग प्वाइंट प्रतीतनगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भागवत भूषण आचार्य रमेश उनियाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में सुदामा प्रसंग को सच्ची मित्रता, त्याग और भक्ति का अद्वितीय प्रतीक माना जाता है। भगवान श्रीकृष्ण और उनके बालसखा सुदामा की कथा आज भी समाज को प्रेम, विनम्रता और समर्पण का संदेश देती है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने बताया कि सुदामा प्रसंग हमें यह सिखाता है कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत का कोई स्थान नहीं होता, बल्कि प्रेम, विश्वास और समर्पण ही सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवसर पर प्रमुख यजमान श्रीमती रजनी घिल्डियाल चंदोला, साध्वी मां देवेश्वरी, कांग्रेस नेत्री दीपा चमोली, जिला पंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल, ग्राम प्रधान खांड गांव श्रीमती सविता नेगी, कुलदीप नेगी, युवक मंगल दल प्रतीतनगर के अध्यक्ष रवि कुकरेती आदि बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## देहरादून में भीषण गर्मी के चलते स्कूल बंद रहे

### बच्चों के लिए हीटवेव एक्शन प्लान बनाएंगे स्कूल, निर्देश जारी



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में बढ़ती गर्मी और संभावित हीटवेव के खतरे को देखते हुए विद्यालयी शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। खासतौर पर तमाम विद्यालयों को हीट वेव के लिए एक्शन प्लान तैयार करने को कहा गया है। वहीं आज देहरादून में भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया। जिसके लिए देहरादून डीएम और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष सविन बंसल की ओर से आदेश जारी किया गया है।

महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि गर्मियों के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरअसल विभागीय स्तर पर हीटवेव के दौरान संभावित आपदाओं और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की रणनीति पर चर्चा हुई थी। जिसमें कई जरूरी कदम उठाए जाने पर विचार किया गया था, जिसके लिए अब आदेश जारी किया गया है।

निर्देशों के तहत सभी विद्यालयों में नियमित अंतराल पर वॉटर बेल बजाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य यह है कि छात्र-छात्राएं समय-समय पर पानी पीते रहें और डिहाइड्रेशन का शिकार न हों। विभाग का मानना है कि छोटे बच्चे अक्सर खेल या पढ़ाई में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि पानी पीना भूल जाते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। हर विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता अनिवार्य की गई है। इसके साथ ही छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्कूलों के समय में बदलाव करने का विकल्प भी दिया गया है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# छोटा हाथी और बाइक की टक्कर में परिवार के चार सदस्य घायल

## दो बच्चों की हालत नाजुक

स्योहारा (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम चंचलपुर में छोटा हाथी और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसें मे एक ही परिवार के चार लोग गम्भीर घायल हो गये। जानकारी के अनुसार ग्राम सरकथल सानी निवासी कैलाश सिंह अपनी पुत्रवधू गुड़िया पत्नी बन्टी तथा दो पौत्रों अर्पित व वाशू के साथ मोटरसाइकिल से अमीनाबाद एक लग्न रिश्ते में जा रहे थे। स्योहारा की ओर से आ रहे छोटे हाथी वाहन ने एक ई रिक्शा को ओवरटेक कर आगे निकला और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें चारों मोटरसाइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भिड़त इतनी भयानक थी कि कुछ पल के लिए हर कोई सहम गया, लेकिन तभी स्थानीय युवक गौरव सिंह फरिश्ता बनकर सामने आए। उन्होंने बिना किसी देरी के घायल लोगों की मदद शुरू की, 108 एंबुलेंस को तुरंत मौके पर बुलवाया और खुद घायलों को संभालते हुए उन्हें सीएचसी तक पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत चिंताजनक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। खासकर दोनों बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मोदी ने सिक्किम में बच्चों के संग खेला फुटबॉल



**गंगटोक ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के अपने दौरे के दूसरे दिन आज सुबह यहां एक मैदान में बच्चों के साथ कुछ समय फुटबॉल खेला। श्री मोदी ने मैदान पर अपने हाथ में फुटबॉल लेकर बच्चों के साथ अपनी तस्वीर साझा की। फुटबॉल की पोशक पहने बच्चों की टोली में किशोर व बालक और बालिकाएं शामिल थे। प्रधानमंत्री एक चित्र में गोल पोस्ट के सामने से गोल कर रहे हैं और गोल्ड कीपर उसे पकड़ने में सफल हो गया है। अन्य युवा खिलाड़ी ताली बजाकर प्रधानमंत्री के प्रदर्शन का स्वागत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इन तस्वीरों के साथ लिखा, साफ दिखता है, इन किशोर खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेलना ऊर्जा भरने वाला रहा। श्री मोदी सिक्किम राज्य के 50 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सोमवार शाम को यहां पहुंचे थे और एक रोड शो में भाग लिया था। श्री मोदी ने कल शाम को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित और अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राज्य के कुछ लोगों से मुलाकात की। उन्होंने उनके साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

# अब सिफारिश और रिश्वत देकर नहीं योग्यता से मिलती है नौकरी- योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते नौ साल में प्रदेश की छवि पूरी तरह बदल गई है। अब युवाओं को सिफारिश और रिश्वत लेकर नौकरी नहीं दी जाती है, बल्कि उनकी योग्यता के आधार पर नियुक्ति होती है। मुख्यमंत्री योगी गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के लिए चयनित प्रधान परिचालकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में सिर्फ 3000 पुलिस जवानों की ट्रेनिंग की क्षमता थी, पर अब तक भी 60 हजार पुलिस जवानों का प्रशिक्षण प्रदेश के अपने पुलिस केंद्रों में हो चुका है।











